राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 110 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## लखटकिया हुआ सोना



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी चिंता के कारण देश और दुनिया में सोने की कीमत में तेजी का दौर लगातार जारी है। भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना आज अपने सर्वोच्च स्तर 1,00,116 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना आज पुराने सभी रिकॉर्ड्स को ध्वस्त करते हुए 3,500 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गया।
आज दिनभर के कारोबार के दौरान सोना पहली बार तीन प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद 1 लाख रुपये के स्तर को पार करके 1,00,116 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। वहीं, वायदा बाजार में एमसीएक्स पर सोना 1.76 प्रतिशत उछल कर 98,991 रुपए के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। सोने की तरह वायदा बाजार में एमसीएक्स पर चांदी 0.62 प्रतिशत की छलांग लगा कर 95,840 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। वहीं, जीएसटी समेत चांदी की कीमत 98,715 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। भारतीय बाजार की तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना आज मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गया। इस चमकीली धातु ने आज 3,434.37 डॉलर प्रति औंस के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। दिन के कारोबार में सोना मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 3,499.87 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह यूएस गोल्ड फ्यूचर्स भी 1.7 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3482.40 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर की वजह से निवेशकों के बीच सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने की मांग लगातार बढ़ी है। इसी तरह डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट ने भी सोने की मांग को बढ़ा दिया है। डॉलर इंडेक्स फिलहाल 3 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा हुआ है, जिससे निवेशकों के बीच सोने का आकर्षण बढ़ गया है।

# पहलगाम में आतंकी हमलाः 28 लोगों की मौत, 20 घायल

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला | 28 टूरिस्ट की मौत, धर्म-नाम पूछकर गोली मारी | बिलखती पत्नी की बात सुन दहल जाएगा दिल

टीम एक्शन इंडिया
**पहलगामः** कश्मीर घाटी के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें 28 लोगों की मृत्यु हुई है और कम से कम 20 लोग घायल हो गए हैं। हमले के बाद सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस बैसरन घास के मैदानों में पहुंच गई। हमलावरों की तलाश में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है और सुरक्षा बलों को सभी दिशाओं में तैनात किया गया है। पहलगाम अस्पताल के एक डॉक्टर ने कहा कि 12 घायल पर्यटकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन सभी की हालत स्थिर है। यह घटना दोपहर करीब 3 बजे हुई, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और उन पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जो इस जगह पर अक्सर आते हैं। इस जगह को अक्सर अपने लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यह



आतंकी हमला ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। हमले वाली जगह का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कई लोग खून से लथपथ और जमीन पर बेसुध पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक महिला पर्यटक अपने प्रियजनों की तलाश में रो रही है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब वर्षों से आतंकवाद से जूझ रहे कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। साथ ही अमरनाथ तीर्थयात्रा भी 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। आतंकवादी बैसरन के आसपास के घने देवदार के जंगल से निकले थे, जो 1980 के दशक में बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं के लिए एक प्रसिद्ध स्थान था। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम रिसॉर्ट आज दोपहर तक पर्यटकों से भरा हुआ था, जो हमले के तुरंत बाद सुनसान हो गया और पर्यटक अपनी सुरक्षा के डर से वहां से चले गए।

### पर्यटन उद्योग को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं पाक

टीम एक्शन इंडिया
*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की भारतीय जनता पार्टी ने निंदा की है। मंगलवार को एक बयान जारी करके भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की पाकिस्तान आईएसआई की नापाक साजिशों को सुरक्षा बलों द्वारा निर्णायक रूप से परास्त किया जाएगा। यह कायरतापूर्ण कृत्य है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उद्योग को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं और पर्यटन स्थलों पर भय और दहशत का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।*

### ये मुस्लिम नहीं और मार दी गोली...

*जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में एक बेहद ही दिल दहला देना वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो इतना भयावह है कि हम आपको दिखा नहीं सकते लेकिन जो बात वीडियो में कही गई है वो बता रहे हैं। एक महिला रोती हुई मदद मांग रही है वह वहां मौजूद किसी स्थानीय व्यक्ति से कह रही है कि आतंकी धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार रहे थे।*
***ये मुस्लिम नहीं और मार दी गोलीः*** *मैं और मेरे पति यहां पर बैठकर भेल खा रहे थे। इस बीच आतंकी आते हैं और कहते हैं ये मुस्लिम नहीं लग रहे, इन्हें मार दो और मेरे पति को गोली मार दी। वहीं एक अन्य महिला कहती हुई नजर आ रही है कि मेरे पति को बचा लो...वो वहां पर पड़े हैं।*

### नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगाः पीएम मोदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सऊदी अरब से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की जानकारी ली। उन्होंने उचित कदम उठाने और घटनास्थल का दौरा करने का निर्देश दिया। हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के सदस्यों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घटना के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।*

## पीएम मोदी सऊदी अरब के जेद्दा पहुंचे

21 तोपों की सलामी देकर किया गया पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
**जेद्दा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब के जेद्दा पहुंचे। वहां उन्हें 21 तोपों की सलामी देकर औपचारिक स्वागत किया गया। इससे पहले एक विशेष सम्मान के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के विमान को जेद्दा में सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में रॉयल सऊदी एयर फोर्स के एफ-15 जेट विमानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जेद्दा पहुंचने पर मक्का के डिप्टी-गवर्नर प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी का किंग अब्दुलअजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 21 तोपों की सलामी देकर औपचारिक स्वागत किया गया। जेद्दा के रिट्ज-कार्लटन होटल में प्रधानमंत्री का भारतीय समुदाय द्वारा मोदी-मोदी के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पिछले एक दशक में यह सऊदी अरब की तीसरी तथा ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, सऊदी अरब के जेद्दा में उतरा। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच मित्रता और मजबूत होगी।



### सऊदी अरब भारत के मूल्यवान साझेदारों में से एक

*जेद्दा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब के साथ भारत के बढ़ते संबंधों की 'असीमित क्षमता' की प्रशंसा की है। वे दो दिवसीय यात्रा पर आज जेद्दा पहुंचे हैं। 2016 के बाद से यह उनकी सऊदी अरब की तीसरी यात्रा है। सऊदी अरब के वायु क्षेत्र में पहुंचने पर विशेष सम्मान देते हुए सऊदी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट प्रदान किया। सऊदी*

### हमारा संबंध सभ्यागत आदान-प्रदान में निहित

*प्रधानमंत्री मोदी अरब न्यूज के एक सवाल पर कहा कि हमारा संबंध नया नहीं है। यह सदियों पुराने सभ्यतागत आदान-प्रदान में निहित है। विचारों से लेकर व्यापार तक, हमारे दो महान देशों के बीच निरंतर प्रवाह रहा है। 2014 से हमारे संबंध लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। मुझे याद है कि 2016 में मुझे महामहिम किंग सलमान से किंग अब्दुल अजीज का सम्मान प्राप्त हुआ था।*

## पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को

टीम एक्शन इंडिया
**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। वेटिकन ने कहा कि उनके पार्थिव शरीर को कल सुबह सेंट पीटर बेसिलिका में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, ताकि शनिवार को होने वाले उनके अंतिम संस्कार से पहले श्रद्धालु उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। एनबीसी न्यूज और वेटिकन न्यूज के अनुसार, होली सी प्रेस कार्यालय ने मंगलवार को घोषणा की कि पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे सेंट पीटर स्क्वायर में होगा। अंतिम संस्कार की रस्में कार्डिनल कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे की निगरानी में शुरू होंगी।

**अंतिम संस्कार**
होली सी प्रेस कार्यालय ने घोषणा की कि पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे होगा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमेर किले में किया अमेरिकी उपराष्ट्रपति का स्वागत।

## आतंकी हरप्रीत कैलिफोर्निया में अरेस्ट

टीम एक्शन इंडिया
**वाशिंगटन।** भारत के पंजाब में आतंकवादी हमलों का गुनहगार हरप्रीत सिंह आखिरकार संयुक्त राज्य अमेरिका में धरा गया। आतंकवादी हरप्रीत सिंह को फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और इनफोर्समेंट एंड रिमूवल आपरेशंस (ईआरओ) ने कैलिफोर्निया की राजधानी सैक्रामेंटो में गिरफ्तार किया है। एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने यह खुशखबरी एक्स हैंडल पर साझा की है। एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने अमेरिका में वांछित भारतीय गैंगस्टर हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए संघीय जांच एजेंसी की सराहना की है। उन्होंने आतंकवादी हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी की आधिकारिक घोषणा करते हुए एक्स पर लिखा, न्याय मिलेगा। काश पटेल के अनुसार, हरप्रीत सिंह अमेरिका में सक्रिय एक कथित विदेशी आतंकवादी गिरोह का सदस्य है। वह भारत और अमेरिका में पुलिस थानों पर हुए हमलों की योजना बनाने में शामिल रहा है। एफबीआई ने अपने फेसबुक पेज पर भी इसकी चर्चा की है।




## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों का कड़ा जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर आयोग पर समझौतावादी और सिस्टम में कुछ गड़बड़ी का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जितने मतदाता मतदान करने आए, राज्य में उतने वयस्क भी नहीं हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को इस संदर्भ में स्पष्ट किया कि सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार आयोजित किए जाते हैं और उनकी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता होती है। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव होते हैं, उसकी दुनिया भर में व्यापक प्रशंसा होती है। आयोग ने कहा, किसी भी प्रकार की गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि यह लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिराती है।




**चुनाव प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं: आयोग**
आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया, जो कि औसतन प्रति घंटे 58 लाख वोट थे। आयोग ने कहा कि अंतिम दो घंटे में 65 लाख वोट डालना औसत प्रवृत्तियों से बहुत कम है और यह साबित करता है कि चुनाव प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं थी। हर मतदान केंद्र पर मतदान राजनीतिक दलों के आधिकारिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवारों ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितताओं का कोई ठोस आरोप नहीं लगाया। निर्वाचन पंजीकरण अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार निर्वाचन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की जाती है। सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक सूची की प्रति प्रदान की जाती है।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक पथ-प्रदर्शक, दूरदर्शी सुधार हैः अनुराग

टीम एक्शन इंडिया
**श्रीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद (एमपी) अनुराग सिंह ठाकुर ने श्रीनगर में भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं और मीडिया को संबोधित किया। बातचीत के दौरान उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लाभों और जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति पर गहन चर्चा की। ठाकुर ने प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक को पथ-प्रदर्शक और दूरदर्शी सुधार बताया। उन्होंने देश भर में एक साथ चुनाव कराने से न केवल महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय संसाधनों का संरक्षण होगा बल्कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी।

**गहन चर्चा**
'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लाभों और जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति पर गहन चर्चा की

## लोकतंत्र का आधार है संविधानः उपराष्ट्रपति धनखड़

**कर्तव्यम**
संवैधानिक पद केवल औपचारिक नहीं हैं, प्रत्येक नागरिक की आवाज सर्वोपरि है : उपराष्ट्रपति

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम




कर्तव्यम में नागरिकों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संवैधानिक पद केवल औपचारिक नहीं हैं, प्रत्येक नागरिक की आवाज सर्वोपरि है। डीयू के वाइस रीगल लॉज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।

### यह सहभागी लोकतंत्र हैः उपराष्ट्रपति

*लोकतंत्र में नागरिकों के कर्तव्य पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र केवल सरकार द्वारा शासन करने के लिए नहीं है। यह सहभागी लोकतंत्र है, जिसमें केवल कानून ही नहीं, बल्कि संस्कृति और लोकाचार भी शामिल है। नागरिकता केवल स्थिति नहीं, बल्कि कार्रवाई की मांग करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद से ही पनपता है।*

**नियमितीकरण** इन सड़कों के माध्यम से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है और इनका नियमितीकरण जरूरी

## हिमाचल में 2183 सड़कों को नियमित करने के लिए समीक्षा याचिका दायर करेगी सरकार

टीम एक्शन इंडिया
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) 1980 का उल्लंघन करके बनी 2183 सड़कों को नियमित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को वन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसी सड़कों के नियमितीकरण के लिए 10 मई 2025 से पहले न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि प्रदेश के दूरदराज इलाकों में जनता को आवागमन में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) 1980 के उल्लंघन की श्रेणी में आने वाली इन सड़कों के नियमितीकरण के लिए कानूनी उपाय आवश्यक हैं और वन विभाग को इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करनी होगी। मुख्यमंत्री ने



**आदेश**
वन विभाग को निर्देश दिए कि वे समीक्षा याचिका दायर करने की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करें

कहा कि राज्य भर में कुल 2183 ऐसी सड़कें हैं, जिन्हें एफआरए 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्मित किया गया है। इनमें सबसे अधिक 821 सड़कें मंडी जोन में हैं, जबकि शिमला जोन में 613, कांगड़ा जोन में 495 और हमीरपुर जोन में 254 सड़कें शामिल हैं।
हिमाचल में यह अधिनियम वर्ष 2016 में लागू किया गया था जिसका उद्देश्य ऐसे परंपरागत समुदायों को वन भूमि पर अधिकार देना है जो पीढ़ियों से उस पर निर्भर हैं।
मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैठक में वन विभाग को निर्देश दिए कि वे समीक्षा याचिका दायर करने की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करें और न्यायालय में प्रभावी पक्ष रखा जाए। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के माध्यम से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है और इनका नियमितीकरण जरूरी है।

## खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाएंः सीएम सैनी



टीम एक्शन इंडिया
**चण्डीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए तत्पर है। प्रदेश के खेल स्टेडियम और खेल नर्सरियों में आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए विभाग विशेष योजना बनाएं। इसके अलावा प्रदेश में विशेष उत्कृष्ट खेलों पर फोकस करते हुए एक्सीलेंस सेंटर भी बनाए जाएं। साथ ही प्रदेश के खिलाड़ियों को यूनिक आईडी अलॉट की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सचिवालय में सोमवार देर सांय खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान प्रदेश के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद थे।

खिलाड़ियों के लिए कैश अवार्ड्स और स्कॉलरशिप प्रबंधन प्रणाली के लिए पोर्टल किया लांच
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिए निर्देश अधिकारी औचक निरीक्षण करें, महिला खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में हो सभी सहूलियत

# गाजियाबाद का गैंगस्टर पुराना धंधा अपनाकर नोएडा में बेचने लगा गांजा

**नोएडा**। गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस के खोड़ा थाना का गैंगस्टर नोएडा में गांजा खपाने का काम कर रहा था। नोएडा में गांजा खपाने के दौरान सोमवार रात को फेज वन थाना पुलिस ने उसे सेक्टर 10 से दबोच लिया। गांजा तस्करी के आरोपित से 6200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जिसकी बाजार में कीमत करीब 65 हजार रुपये है। आरोपित करीब नौ साल से अपराध कर रहा है। अपराध करने की शुरूआत नोएडा से ही की थी। राजेश 2016 से गांजा तस्करी कर रहा है। वह 2016 में नोएडा सेक्टर 49 थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा गया था। जेल जाने के बाद भी उसने तस्करी करना नहीं छोड़ा। बाहर आने पर फिर से तस्करी की तो सेक्टर 20 थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। करीब एक साल जेल रहने के बाद बाहर आया। अपराध करने का तरीका और जगह दोनों बदल दीं। उसने गाजियाबाद के खोड़ा में जाकर गिरोह बनाया।

## प्रो. ने उठाया खौफनाक कदम

**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में कर्जदारों से परेशान आकर असिस्टेंट प्रोफेसर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। ऑनलाइन ट्रेडिंग की लत से उन पर 60 लाख से अधिक का कर्जा हो गया था। कर्जा देने वाले लगातार अपने रुपये लौटाने के लिए दबाव बन रहे थे। इससे परेशान होकर असिस्टेंट प्रोफेसर ने यह कदम उठा लिया। मंगलवार को उनकी पत्नी ने कॉलेज के ही एक प्रोफेसर, लाइब्रेरियन का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है।


## दिल्ली सरकार
## समाज कल्याण विभाग
## अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) की SMILE योजना (आजीविका एवं उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों के लिए सहायता) के कार्यान्वयन के लिए पात्र गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, विशेष रूप से दिल्ली में भीख मांगने के कृत्य में लिप्स व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए।

अधिक जानकारी के लिए और विस्तृत EOI दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए, कृपया देखें: https://socialwelfare.delhi.gov.in/

विस्तृत EOI दस्तावेज में दिए गए निर्देशों के अनुसार जारीकर्ता को सीलबंद कवर पत्र में रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13/05/2025 है।

जारीकर्ता
समाज कल्याण विभाग
दिल्ली सरकार
7वीं, मंजिल, एमएसओ बिल्डिंग,
आईपी एस्टेट, दिल्ली-02

DIP/Shabdarth/Classified/0021/25-26


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की @ लोकेश, पुत्र भगवान दास, पताः वैगाबोंड हनुमान मंदिर के पास, कनॉट प्लेस, दिल्ली** ने **FIR No. 30/20, U/s 380/454 IPC, पुलिस थाना गुलाबी बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्की @ लोकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **विक्की @ लोकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गुलाबी बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **विक्की @ लोकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री तानिया सिंह**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**कमरा संख्या 296ए, द्वितीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5017/N/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दानिश पुत्र राशिद अली निवासी सी–40, गली नं. 04, दिलशाद मस्जिद के पास, ओल्ड मुस्तफाबाद, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 10/2013 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दानिश** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दानिश** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 10/2013 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**पी. भार्गव राव**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 03, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/5028/SHD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित शर्मा**, **पुत्र** : श्री देवेन्द्र शर्मा, **पता**: मकान नं. 197–बी, गली नं. 11, मणिराम मंदिर रोड, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 808/2014 U/s 406 IPC, थानाः रोहिणी दक्षिण, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 808/2014 U/s 406 IPC, थानाः रोहिणी दक्षिण, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री गौरव कटारिया**
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–07 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 208, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/4941/RD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) गुलशन पुत्रः** धर्मेंद्र **पताः** ई–75ए गली नंबर 4 इंद्रा एन्क्लेव फेस–1 किरारी सुलेमान नगर नई दिल्ली, **(2) विकेस उर्फ मंगला पुत्रः** राजपाल **पताः** जी–34 गली नंबर 12 जनता एन्क्लेव प्रेम नगर 2 दिल्ली, **(3) संजीत पुत्रः** सियाराम महतो **पताः** मकान नंबर डी–309 इंद्रा एन्क्लेव फेज–1 किरारी सुलेमान नगर नई दिल्ली ने **FIR No. 517/2024, U/s 109(1)/3(5)BANS थानाः कंझावला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गुलशन (2) विकेस उर्फ मंगला (3) संजीत,** मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गुलशन (2) विकेस उर्फ मंगला (3) संजीत,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 517/2024, U/s 109(1)/3(5)BANS थानाः कंझावला दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) गुलशन (2) विकेस उर्फ मंगला (3) संजीत,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
**जेएमएफसी कमरा नंबर 113**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4958/RD/2025**
**(Court Matter)**

## सवारियों से भरी दो कार भिड़ी, टकराते ही लगी आग; दो लोगों की मौत

**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने सोमवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ी इको कार में पीछे से आई सेलेरियो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में स्टेपनी बदल रहे इको कार चालक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उसका साथी दोनों कारों के बीच में फंस गया। एक दूसरे से टकराने पर कारों में आग लग गई और दोनों कारों के बीच फंसा युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। सेलेरियो में सवार तीन सवारी घायल हुई हैं। हादसे में सेलेरियो में सवार एक कुत्ते की भी मौत हुई है। इको कार में रखे सवारी के एक लाख रुपये भी जल गए। एसीपी वेव सिटी प्रिय श्रीपाल ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएमई पर मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर एबीईएस कॉलेज के सामने अमरोहा से आनंद विहार जा रही इको कार में चालक समेत 11 सवारी थीं। टायर पंचर होने ओर चालक स्टेपनी बदल रहा था। इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार सेलेरियो कार ने इको कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक टक्कर लगने से कार के नीचे आ गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर अचेत हो गया। इको में टक्कर लगने पर आग भी लग गई जिससे कार के बीच फैंस युवक की भी जलकर मौत हो गई। हालांकि दोनों मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है हादसे के समय स्टेपनी बदलने की वजह से इको कार में सवार अन्य लोग सड़क किनारे खड़े थे। जबकि सेलेरियो में सवार तीन सवारी घायल हो गई। सवारी टक्कर लगने पर धुआं निकलते ही बाहर आ गई। जबकि एक कुत्ता कार में ही रह गया। आग लगने से कुत्ता भी झुलसकर मर गया। सेलेरियो सवार घायल बबीता, सुनीता और शिव कुमार को नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ऊर्जा निगम ने 14 हजार बकाएदारों के कनेक्शन काटे

**गाजियाबाद।** बकाएदारों से बिल वसूली के लिए ऊर्जा निगम ने तीनों जोन में कार्रवाई तेज कर दी है। एक मुश्त समाधान योजना खत्म होने के बाद अब तक 14 हजार से अधिक बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। लगभग 10 करोड़ रुपये बकाया बिल की वसूली की गई है। जोन दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना खत्म होने के बाद भी जनपद में करीब ढाई लाख बकाएदार बचे हैं। इनको आरसी जारी करने के साथ ही इनमें से 14 हजार बकाएदारों के कनेक्शन भी काटे गए हैं। कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने आरसी जारी होने के बाद कुछ रकम जमा कराकर बकाया बिल के भुगतान के लिए समय मांगा है।

# समाज कल्याण विभाग
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
# 7वीं मंजिल, एमएसओ बिल्डिंग, आईपी एस्टेट, आईटीओ, नई दिल्ली-110002

**अपने परिवार से अलग हुई निम्नलिखित लड़कियाँ वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आशा किरण गृह अवंतिका सेक्टर-01, रोहिणी, नई दिल्ली में रह रही हैं। यदि किसी को उनके परिवार के सदस्यों के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया अधीक्षक (महिला विंग) से फोन नं. 011-27522760 या ईमेल आईडी:-aashakiran89@gmail.com पर संपर्क करें।**


नाम- कशिश
पिता का नाम-लाल बाबू साहनी
उम्र-17 वर्ष
डीओए-28/11/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी VI, रोहिणी
पहचान चिह्न- कमर के बाईं ओर काला निशान।



नाम-मायरा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-8 वर्ष
डीओए-21/09/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी, लाजपत नगर।
पहचान चिह्न- गर्दन पर तिल।


नाम-मायरा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-08 वर्ष
डीओए-12/10/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी संस्कार आश्रम।
पहचान चिह्न- होंठ के बाएं हिस्से पर कट का निशान


नाम-सुप्रिया
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-14 वर्ष
डीओए-08/06/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी निर्मल छाया
पहचान चिह्न- माथे पर निशान।


नाम-बबली
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-13 वर्ष
डीओए-23/12/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी VII, निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स।
पहचान चिह्न- कमर के बाईं ओर जन्म चिह्न।


नाम-रिया
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-11 वर्ष
डीओए-25/02/2022
विवरण-सी डब्ल्यू सी निर्मल छाया
पहचान चिह्न- शारीरिक रूप से विकलांग



नाम- सोनम
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-18/02/2020
विवरण-सी डब्ल्यू सी VI, अवंतिका।
पहचान चिह्न- कमर के बाईं ओर काला निशान।


नाम-सोनिया
पिता का नाम-इस्माइल
उम्र-16 वर्ष
डीओए-07/01/2025
विवरण- सी डब्ल्यू सी, संस्कार आश्रम
पहचान चिह्न- दाईं आंख में दृष्टि नहीं है


नाम- रोशनी
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-08 वर्ष
डीओए-08/10/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी लाजपत नगर
पहचान चिह्न- पीठ पर सफेद धब्बे



नाम-दिव्या
पिता का नाम-राम अवतार वर्मा
आयु-13 वर्ष
डीओए-06/02/2020
विवरण-सी डब्ल्यू सी आशा किरण


नाम-मैना दास
पिता का नाम-सोना दास
उम्र-16 वर्ष
डीओए-28/11/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी संस्कार आश्रम
पहचान चिह्न- दोनों पैरों और हाथों पर सर्जरी का निशान



नाम-वैशाली
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-07 वर्ष
डीओए-06/04/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी निर्मल छाया


नाम-पलक
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-12 वर्ष
डीओए-24/02/2021
विवरण-सी डब्ल्यू सी, VI, अवंतिका सेक्टर-22
पहचान चिह्न- होंठों पर कट का निशान


नाम-तिलोतमा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-13 वर्ष
डीओए-22/11/2021
विवरण-सी डब्ल्यू सी निर्मल छाया
पहचान चिह्न- शारीरिक रूप से विकलांग


नाम-संगीता
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-12 वर्ष
डीओए-06/10/2023
विवरण-सी डब्ल्यू सी सेवा कुटीर कॉम्प्लेक्स



नाम- भव्य
पिता का नाम-अज्ञा
आयु-08 वर्ष
डीओए-03/03/2025
विवरण-सी डब्ल्यू सी मयूर विहार


नाम- लक्ष्मी
पिता का नाम- सलीम
उम्र-16 वर्ष
डीओए-25/11/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी,-III, सेवा कुटीर कॉम्प्लेक्स



नाम-बिजली
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-10 वर्ष
डीओए-30/09/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी साउथ वेस्ट VII.
पहचान चिह्न- सिर पर काला निशान



नाम-सुंदरी
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-05/01/2024
विवरण-सी डब्ल्यू सी कालका जी
पहचान चिह्न- बाएं पैर पर जला हुआ निशान



नाम-राखी
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-09 वर्ष
डीओए-25/06/2022
विवरण-सी डब्ल्यू सी अलीपुर
पहचान चिह्न- भौं पर निशान



नाम-उषा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-22/05/2013
विवरण-सी डब्ल्यू सी निर्मल छाया
पहचान चिह्न- बाएं माथे पर सफेद धब्बे


नाम-सोम्या
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-08 वर्ष
डीओए-27/05/2022
विवरण-सी डब्ल्यू सी आशा किरण



नाम-शिखा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-22/07/2022
विवरण-सी डब्ल्यू सी VI, अवंतिका
पहचान चिह्न-होंठों पर कट


नाम-कनक
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-06/06/2022
विवरण-सी डब्ल्यू सी सहदरा
पहचान चिह्न- दाहिने पैर पर निशान।

DIP/Shabdarth/Classified/0020/25-26

# अर्थ डे: 'धरती मां को सांस लेने का दें मौका

**बदलाव**

□ धरती मां को सांस लेने का मौका देगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा बदलाव ला सकता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अर्थ डे के अवसर पर दिल्लीवासियों से रात 8:00 से 8:05 बजे तक पांच मिनट के लिए बिजली बंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यह छोटा सा कदम धरती मां को सांस लेने का मौका देगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। सीएम ने इसे धरती मां के लिए एक उपहार बताया है। उन्होंने बड़े भावुक तरीके से अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा है कि तब हम रात को छत पर लेटते थे तो आसमान में तारे दिखते थे। आज बिजली है और लाइट भी है, लेकिन रात को आसमान से तारे गायब हैं। ऐसे में यह छोटा सा कदम पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में बड़ा योगदान दे सकता है। सभी नागरिकों से इस पहल में शामिल होने का आह्वान किया गया है। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी अर्थ डे पर अपने घरों, दफ्तरों, सार्वजनिक स्थानों की बिजली बंद करने की अपील की है। दिल्ली में पिछले साल बिजली की मांग 8656 मेगावाट थी, जो इस साल 9000 मेगावाट जाने का अनुमान है। पिछले साल अर्थ आवर के दौरान दिल्ली में 206 मेगावाट बिजली की बचत हुई थी।

### एक्यूआई को नियंत्रित करने के लिए एक्शन में सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष, सचिव (पर्यावरण) और प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए समन्वित, समयबद्ध कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश जारी किए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकते: सिरसा

सिरसा ने कहा, "दिल्ली देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकती। प्रत्येक अधिकारी को इसे स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में लेना चाहिए।" बैठक का समापन जन जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देशों के साथ हुआ, विशेष रूप से आरडब्ल्यूए, बाजारों और निर्माण एजेंसियों को लक्षित करके।

### बैठक में दिए गए निर्देश

- □ अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, संस्थानों और निर्माण स्थलों की पहचान करना और उन पर कार्रवाई करना
- □ धूल नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने वाले निर्माण कार्यों को तत्काल निलंबित करना
- □ सभी बड़े पैमाने पर परियोजना स्थलों और प्रदूषण हाटस्पाट पर पानी के छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन की तैनाती
- □ स्कूल क्षेत्रों और अस्पतालों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में वास्तविक समय पर वायु गुणवत्ता की निगरानी
- □ द्वितीयक धूल प्रदूषण का कारण बनने वाली कच्ची सड़कों और खुले डंपिंग प्वाइंटस के खिलाफ कार्रवाई

# बांसुरी 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा बैग लेकर पहुंचीं संसद




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर आज जेपीसी की पहली बैठक होने जा रही है। प्रस्ताव वाले विधेयकों पर समिति की बैठक के लिए भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज एक बैग लेकर संसद भवन पहुंचीं। उनके काले बैग पर लाल रंग से 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा हुआ था। कांग्रेस की कार्यशैली को अब जनता के सामने लाया जाना चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी आरोपी हैं और प्रवर्तन निदेशालय ने उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने इस आरोप को सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा अपने शीर्ष नेताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हेमंत गुप्ता, भारतीय विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएस चौहान और जाने-माने वकील और कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी उन हस्तियों में शामिल हैं, जो एक साथ चुनाव कराने पर संसद की संयुक्त समिति को अपने विचार देंगे।



दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से भारत-तिब्बत सहयोग मंच के वरिष्ठ सलाहकार आचार्य येशी फुंट्सोक के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के खिलाफ होगा देशव्यापी आंदोलन

**क्विक कॉमर्स**

□ ई-कॉमर्स के काम करने के तौर-तरीकों से देश के खुदरा दुकानदारों को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स के काम करने के तौर-तरीकों से देश के पारंपरिक खुदरा दुकानदारों को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन चलाने का संकल्प लिया है। कैट के बैनर तले राजधानी नई दिल्ली में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का क्रूर चेहरा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में सर्वसम्मति से यह ऐलान किया गया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता 'पारंपरिक खुदरा व्यापार', आज उन कंपनियों के निशाने पर है, जो खुलेआम कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं। बाजार को विकृत कर रही हैं और छोटे व्यापारियों को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद कर रही हैं। खुदरा कारोबारियों ने क्विक कॉमर्स व ई-कॉमर्स जैसी कंपनियों के खिलाफ विरोध का बिगुल बजा दिया है। खुदरा दुकानदार क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के तौर-तरीकों के खिलाफ देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि उनका मानना है कि ये कंपनियां खुदरा व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। कैट महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा), ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (आईसीपीडीएफ) और ऑर्गनाइज्ड रिटेलर्स एसोसिएशन (ओरा) के साथ मिलकर विदेशी फंड से संचालित ई-कॉमर्स क्विक आंदोलन करने का ऐलान किया है।

### सम्मेलन में सर्वसम्मति से नीति प्रस्ताव पास किया

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था, जो अमेरिका के रॉबिंसविल और यूएई के अबू धाबी में भी सांस्कृतिक स्थलों का संचालन करती है, ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

# एनडीएमसी क्षेत्र में दो हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे: चहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कहा कि एनडीएमसी अपने क्षेत्र में 2,039 पौधे और लगभग 4.82 लाख झाड़ियां लगाने जा रही है। यह अभियान जुलाई के पहले या दूसरे सप्ताह में मानसून की शुरूआत के साथ शुरू किया जाएगा। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने पिछले वर्ष 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 11,096 पौधे और 13,68,148 झाड़ियां लगाई थीं। उन्होंने आगे बताया कि इस साल एनडीएमसी क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और जहां आवश्यकता है, वहां पौधरोपण के लिए विस्तृत सर्वेक्षण के बाद लक्ष्य तय किए गए हैं। इस वर्ष का अभियान अकबर रोड, शंकर रोड, सरदार पटेल मार्ग जैसे प्रमुख मार्गों और कॉलोनी पार्कों में चलेगा। इसके अलावा नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, संजय झील और तालकटोरा गार्डन जैसे प्रमुख उद्यानों को भी इस मुहिम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इमली, जामुन, पीपल, बरगद, चंपा, बांस, नीम और अशोक जैसे 10 प्रकार के पौधों को लगाने की योजना है।

# दिल्ली विधानसभा: लाइट एंड साउंड शो की तैयारी



**जीवंत**

□ दिल्ली विधानसभा को एक जीवंत विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा की समृद्ध विरासत को लोगों तक पहुंचाने के लिए विधानसभा परिसर में एक भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के इतिहास पर एक डॉक्यूमेंट्री का भी निर्माण किया जाएगा। भविष्य में यहां एक संग्रहालय भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें विधानसभा की समृद्ध विरासत को संरक्षित कर प्रदर्शित किया जाएगा। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने विधानसभा भवन के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक समग्र विकास योजना तैयार करने के लिए चर्चा की। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा को एक जीवंत विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जनता को विधानसभा परिसर के भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाए। विशेषकर सप्ताहांत में ताकि वे अपने लोकतंत्र की ऐतिहासिक नींव से सीधे जुड़ सकें। इस पहल के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) तीन सप्ताह के भीतर एक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। परियोजना की प्रगति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें आईजीएनसीए, राष्ट्रीय अभिलेखागार, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विधानसभा सचिवालय तथा विभिन्न विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में विशेषज्ञों ने सुझाव दिया गया कि आधुनिक संरक्षण तकनीकों को पारंपरिक मूल्यों के साथ जोड़ते हुए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि भवन की मूल संरचना की आत्मा को बरकरार रखते हुए के लोगों को एक समृद्ध अनुभव प्रदान किया जा सके। बैठक में स्थापत्य तकनीकों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# बीड़ी देने से मना करने पर दो भाइयों को चाकू से गोदा, एक ही मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के पुल प्रहलादपुर इलाके में सोमवार रात को बीड़ी देने से मना करने पर हुए विवाद में दो सगे भाइयों को चाकू से गोदने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने पीड़ितों को बचाने के लिए आए उनके दोस्त को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना घायल के भाई ने पुलिस को दी और घायलों को नजदीकी ईएसआई अस्पताल में भर्ती किया। जहां डॉक्टरों ने घायल 21 वर्षीय सोहेब को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके भाई मोहसिन की हालत गंभीर बनी हुई है। वह आईसीयू में भर्ती है।

# युवक की चाकू घोपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के जगतपुरी इलाके में सोमवार रात 22 साल के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात 10:39 बजे जगतपुरी इलाके में एक युवक के खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जगतपुरी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मेयर ने दक्षिणी महरौली में डॉ आम्बेडकर पॉलीक्लिनिक का किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

□ भाजपा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए आप पार्षदों को तोड़ने का काम कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेयर महेश कुमार खीची ने मंगलवार को दक्षिणी महरौली विधानसभा में डॉ भीमराव आम्बेडकर पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसका हर वर्ग को लाभ मिलेगा। महेश कुमार खीची ने क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि महरौली की जनता को अच्छी सुविधा देने के लिए पॉलीक्लिनिक का शुभारंभ किया गया है। इससे जनता को फायदा होगा।

जनता इसमें कम खर्च में सारी सुविधा का लाभ उठा सकती है। खीची ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं, ताकि देश के लोगों तक बाबा साहेब के विचार पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इस क्लिनिक के खुलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनको यहां कम दाम में अच्छा इलाज मिल सकेगा। खीची ने कहा कि दिल्ली में भाजपा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए आआपा के पार्षदों को तोड़ने का काम कर रही है। इस अवसर पर महरौली के चेयरमैन किशन जागड़, निगम पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दिल्ली महापौर और उप महापौर पद के उम्मीदवारों के नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने इन चुनावों में अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं करने का फैसला किया है।

# कांग्रेस ने दुबे के विवादित बयान के विरोध में किया प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के विवादित बयान के विरोध में रायसीना रोड स्थित संगठन के मुख्यालय के बाहर आज प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर नारे लिखे हुए थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से निशिकांत दुबे को बर्खास्त करने की मांग की। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा देश के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट पर दिया गया बयान न केवल शर्मनाक है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की नींव पर सीधा प्रहार है। भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है और इसे किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि न्यायपालिका पर इस प्रकार के हमले लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश हैं। निशिकांत दुबे के बयान को उनका निजी बयान बताकर भाजपा ने अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की है।




# अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने अपराध रोकथाम के दिए दिशा-निर्देश

**बैठक**

**पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्वेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने 21 अप्रैल को देर शाम पुलिस मुख्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। पुलिस अधीक्षक ने अपराध और अपराधियों को अंकुश लगाने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने देर शाम को सभी पर्वेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को पूरी लग्न से कर्तव्य निर्वहन करने व आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील, हथियारों के साथ, सामाज विरोधी, नशे से सम्बन्धित या गैंगस्टर से सम्बन्धित पोस्ट डालने वाले तथा ऐसी पोस्टों पर कमैन्ट करने वाले युवाओं पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर जिला पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। ऐसे युवाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा कारवाई की जाएगी जो किसी भी सोशल मीडिया के प्लेट फार्म पर कोई संवेदनशील पोस्ट करता है या ऐसी किसी पोस्ट को लाइक, शेयर करता है। पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी में जिला के पर्वेक्षण अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा कि जिला में अवैध रुप से विदेश भेजने वालों पर शिंकजा कसा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा ने सभी प्रबन्धक थाना को विशेष हिदायत दी कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाकर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के सख्त करवाई की जाए। राइडर के साथ नाकाबंदी करके चैंकिंग अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा वाहनों को चैक करने, बिना नम्बर प्लेट वाहनों को इम्पाऊंड करने के आदेश दिये व थाना यातायात प्रभारी हाईवे को आदेश दिये कि नैशनल हाइवे पर लेन चेंज नियमों की पालना करवानी है तथा उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान किये जाऐं। इसके साथ-साथ पुलिस अधीक्षक ने कबूतरबाजी व साइबर ठगी के मामलों में गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर ठगों के जाल को तोड़ने के लिए जिले की साइबर टीम, सोशल मीडिया टीम और थानाधिकारियों ने मिलकर कार्य योजना तैयार की है। पुलिस अधीक्षक ने बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा कार्य करने वाले जांबाज पुलिस अधिकारियों और जवानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# पलवल कॉलेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के आर्ट डिपार्टमेंट में अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस समारोह में शिक्षण विभाग और जूनियर छात्राओं ने मिलकर सीनियर छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य कामना के साथ विदाई दी गई। इस भव्य समारोह की शुरूआत कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने छात्राओं को अपना आशीर्वचन देकर की। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक सुंदर श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें छात्राओं ने नृत्य, संगीत और कविता पाठ के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। विदाई समारोह में छात्राओं ने कॉलेज में बिताए पलों की मधुर स्मृतियों साझा किया ।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 107 / 2024–2025 दिनांक 25.03.2025
ii) निविदा संख्या 15255043 12.05.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विशेष शर्त को संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। एसएमएम / जी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1187/2025


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C/ 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **वसीम उर्फ बाबू, पुत्रः मोहम्मद इज़हार, निवासीः मकान नंबर 232, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 519/2018 U/S 174A IPC** के तहत एक मामला **थाना बुराड़ी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **वसीम उर्फ बाबू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **वसीम उर्फ बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 519/2018 U/S 174A IPC, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के आरोपी उक्त **वसीम उर्फ बाबू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **24.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार सुश्री पायल सिंघल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09,**
**कक्ष संख्या 286, मध्य जिला,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5087/N/2025**
**(अदालती मामला)**

# स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न गांवों में नि शुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न गांव में नि शुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में गांव भैंसवाल कला स्थित सीएचसी के दंत सर्जन डॉ सुनैना मुख्य रूप से पहुंची। उन्होंने करीब 500 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच की। जांच में अधिकतर बच्चें फ्लोरोसिस नाम की बीमारी से ग्रस्त मिले और अधिकतर बच्चों के दांत गंदे मिले। अभियान के माध्यम से लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

डॉ. सुनैना ने कहा कि गांव जसराणा, गिवाना व कटवाल के राजकीय स्कूलों में निःशुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इन गांव के अधिक्तर बच्चों के दांत फ्लोरोसिस नाम की बीमारी से ग्रस्त हैं। यह बीमारी अधिक फ्लोराइड वाला पानी पीने के कारण होती है। उन्होंने कहा कि यह शिविर स्कूलों के साथ-साथ ईंट भट्टा और आंगनबाड़ियों में भी चलाया जा रहा है।

पैक्ट वाली चीजे खाने और दांतों की सही सफाई न होने से बच्चों के दांत खराब हो जाते हैं। पैक्ट बंद चीजे हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए पैक्ट बंद चीजें नहीं खानी चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति को भी दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भी ब्रश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दांतों की ठीक प्रकार से सफाई करनी चाहिए। दांत खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इस मौके पर एएनएम सरोज, निर्मला, उर्मिला, राजवंती, पुष्पा आदि मौजूद रही।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि**

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–**

**रेलगाड़ी सं. 07077/07078 चर्लपल्ली-देहरादून-चर्लपल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07077 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07078 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | ---- |
| 19:20 | ---- | देहरादून | ---- | 07:00 |

**चलने के दिन** : **07077 चर्लपल्ली** से दिनांक 29.04.2025 से 27.05.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और **07078 देहरादून** से दिनांक 01.05.2025 से 29.05.2025 (प्रत्येक वीरवार) को।

**ठहराव**: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन, मेरठ सिटी, रुड़की एवं हरिद्वार जं. स्टेशन।

**स्थान**: 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 05577/05578 सहरसा जं.-आनंद विहार ट.-सहरसा जं. गरीबरथ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 66 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05577 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05578 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 05:15 |

**चलने के दिन** : **05577 सहरसा जं.** से दिनांक 16.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि) को और **05578 आनंद विहार ट.** से दिनांक 18.05.2025 से 02.07.2025 (प्रत्येक मंगल, बुध, वीर, शुक्र, रवि) को।

**ठहराव**: गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़ जं., निर्मली, घोगरडिहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., दरभंगा जं., जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं, नरकटियागंज जं, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर जं, बस्ती, घोण्डा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

**स्थान**: 3 टियर वाता.

**रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें **www.nr.indianrailways.gov.in** पर मिलें
1194/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**E-TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी. / ई.एम.यू. / गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 232-Elect-EMU-WC-10-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | 3–फेज या पारंपरिक ईएमयू/एमईएमयू कोच और 08 व्हीलर टावर के लिए बोगी का पूर्ण विघटन, एयर स्प्रिंग लगे बोगियों आदि का बोल्स्टर ओवरहालिंग, हाइड्रा/जेसीबी मशीन को किराये पर लेना और ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 03 वर्ष की अवधि के लिए ब्रेक सिलेंडर को हटाना, विघटित करना और साफ करना। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,09,50,814.96 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 3,04,800.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 22.04.2025 15:57 Hrs. |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 01.05.2025 to 15.05.2025 12:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 15.05.2025 12:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 15.05.2025 12:00 Hrs. |

**Note 1**: All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the tender. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note** 2: Duplicate documents should not be enclosed/up loaded. निविदा सुचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **232-Elect-EMU-WC-10-24-25 Date: 22.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1189/25



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन (एएनवीटी) मुख्य हॉल में पार्सल कार्यालय के नजदीक क्लॉकरूम (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर) के प्रबंधन और संचालन हेतु (आरओएमटी आधार पर) आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है :

| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 06.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन (एएनवीटी) मुख्य हॉल में पार्सल कार्यालय के नजदीक (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर) क्लॉकरूम के प्रबंधन और संचालन हेतु (आरओएमटी आधार पर) 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना**: **1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3**. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और / या स्थितियों के आधार पर संशोधित / अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने / जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1176/25



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्व नगर
वेबसाइट : **www.noidaauthorityonline.com**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

**(क)**

1. **01/म0प्र0/वरि0प्र-(वि0/यॉ0)-II/2025-26/ई0नि0,** सैक्टर-70 में विभिन्न स्थानों पर यूरिनल ब्लॉक्स एवं टॉयलेट में आन्तिरक व बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। लागत रू0 3.77 लाख।

**जिन्हे दिनांकः- 06.05.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः 07.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

**(ख)**

1. **55/म0प्र0(वि/या)/व0प्र0(वि/या)3/2024-25,** सैक्टर-28, 29, 31, के विभिन्न ब्लाको के पार्को में प्रकाश व्यवस्था का अनुरक्षण कार्य। लागत रू0 4.85 लाख।

**जिन्हे दिनांकः- 29.04.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः 30.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

**महाप्रबन्धक (वि0 / यॉ0)**
**नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आरएसपी / एनआर,901 बी, टॉवर–I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी भवन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली – 110002. भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके नाम पर निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का पूरा नाम** | तीन (03) रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) सहित उनके संपर्क मार्गों का पुनर्निर्माण– आरओबी सं. 1 (पुल डफरिन), आरओबी सं. 5 (पुल मिठाई) जो दिल्ली जंक्शन स्टेशन यार्ड में स्थित हैं, तथा आरओबी सं. 6 (पुल बंगश) जो सब्ज़ी मंडी – सदर बाज़ार रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर 1 / 48–52 पर स्थित है – और दिल्ली मंडल के दिल्ली–रेवाड़ी खंड में किलोमीटर 18 / 1–3 पर स्थित समपार संख्या 15C के स्थान पर एक रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जो उत्तरी रेलवे के रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट यूनिट (RSPU), नई दिल्ली के अंतर्गत किया जा रहा है। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत** | Rs. 122,46,70,667.41 मात्र (रुपये एक सौ बाईस करोड़ छियालीस लाख सत्तर हजार छह सौ सड़सठ रुपये और इकतालीस पैसे मात्र) |
| 3 | **कार्य की पूर्णता अवधि** | 18 (अठारह) महीने। |
| 4 | **जमा की जाने वाली अर्नेस्ट मनी (ईएमडी)** | Rs. 62,73,400/- (रुपये बासठ लाख तिहत्तर हजार चार सौ मात्र) |
| 5 | **रेलवे वेबसाइट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री / उपलब्धता** | निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर **21.04.2025 से 19.05.2025** तक **प्रातः 11:30 बजे तक** तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | **निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि और समय** | निविदा दस्तावेज 19.05.2025, प्रातः 11:30 बजे तक IREPS वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | **निविदा खोलने की तिथि और समय** | 19.05.2025, प्रातः 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |

**पत्रांक 10-W-9-2025-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 21.04.2025** **1178/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जिला पुलिस बेड़े में हाईटेक फोरेंसिक वैन शामिल

**सोनीपतः अपराधी** किसी भी अपराध को अंजाम देने के बाद बच नहीं पाएंगे। अब किसी भी आपराधिक घटनाओं से संबंधित साक्ष्यों का परीक्षण करना काफी आसान हो जाएगा। जिला पुलिस को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी मधुबन करनाल से एक फॉरेंसिक इंवेस्टिगेशन वैन मिली है। उक्त वैन अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जिससे आपराधिक घटनास्थल पर ही साक्ष्यों का परीक्षण कर प्राथमिक रिपोर्ट दी जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**पत्र सं0:– स्क्रैपयूज्ड ऑयल / ई–नीलामी / शकूरबस्ती / 2025–26 दिनांकः– 21.04.2025**

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा पंजीकृत क्रेता / फर्म, जो यूज्ड ऑयल / बिना यूस्ड ऑयल के लिये रिसाईकिलर्स / रिप्रोसेसेर्स के रूप में पंजीकृत है। सामान्य भण्डार डिपो / उ0रे0 / शकूरबस्ती में दिनांक– 26.04.2025 (10:00 बजे) से होने वाली ई–नीलामी में बोली के द्वारा खरीदारी हेतु निम्न लॉट आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्रम सं0 | लॉट सं0 | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2000250425 | स्क्रैप वेस्ट यूज्ड / रिफयूज्ड ब्लैक ऑयल (ट्रांसफार्मर ऑयल) कन्टेंड इन 40 / 45 गैलन ड्रम्स के साथ में, मात्रा– 60 ड्रम्स= 12000 किलोग्राम। **लोकेशनः**– अनुभाग ई सड़क के दायीं तरफ, अनुभाग जी में मैदान पर। | 12000 किलोग्राम |
| 2 | 2000260425 | स्क्रैप वेस्ट यूज्ड / रिफयूज्ड ब्लैक ऑयल कन्टेंड इन 40 / 45 गैलन ड्रम्स के साथ में, मात्रा– 125 ड्रम्स= 25000 किलोग्राम। **लोकेशनः**– अनुभाग ई सड़क के दायीं तरफ, अनुभाग जी में मैदान पर। | 25000 किलोग्राम |

रेलवे उपरोक्त दिनांक को यूज्ड ऑयल के ई–नीलामी को बिना बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिना बिके हुए सामग्री यूज्ड ऑयल यदि शेष हो तो आगे होने वाली ई–नीलामी में रखा जायेगा। पूर्ण विवरण के लिये वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर नीलामी सूची दिनांक– 26.02.2025 पर देखें। **1183/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सूचना

खण्ड गन्नौर जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत चटिया देवा में एक जलकर्मी कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। गांव का कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए खंड कार्यालय गन्नौर के पास अपना आवेदन दिनांक 01 मई तक जमा करवा सकते है।

**सरपंच**
**श्रीमती मुकेश**
**ग्राम पंचायत चटिया देवा**
**खण्ड-गन्नौर ।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पृथ्वी को माता और आकाश को पिता माना गया है भारत में ऋग्वैदिक काल से: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति महान है। ऋग्वैदिक काल से ही भारतीय पृथ्वी को माता व आकाश को पिता माना गया है। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही भारतवासी पृथ्वी व पर्यावरण का संरक्षण करते थे। वैदिक परंपरा आज भी लोक रीति में हैं, इसलिए हम तुलसी पूजा, पीपल पूजा व वट वृक्ष की पूजा की जाती है। कुलपति प्रो. सिंह ने पृथ्वी दिवस पर विश्वविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण संकट कुछ समय पूर्व ही विश्व के लिए चिंतन का विषय बना हुआ है। लेकिन भारत में तो ऋग्वैदिक काल से ही पृथ्वी व पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दिया जाता रहा है। वेदों में कहा गया है कि माता



भूमि पुत्रो अहं पृथिव्याः, अर्थात पृथ्वी हमारी माता है तथा हम इसके पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में सभी को पूजा के भाव से देखा गया है। जो पृथ्वी माता से जन्मा है अर्थात मनुष्य, पशु , पक्षी, प्राणी पर्वत,नदियां और सरोवर, ये सभी पृथ्वी के पुत्र व पुत्रियों हैं। इस तरह का भाव जब प्रत्येक मनुष्य के अंदर होगा तो पृथ्वी स्वर्ग बन जाएगा। धरती मां के सम्मुख हम ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहेंगे ताकि उसको पीड़ा हो। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि यजुर्वेद के मंत्र में कहा गया है कि हे परमात्मा स्वरूप शांति कीजिए, वायु में शांति हो, अंतरिक्ष में शांति हो, पृथ्वी पर शांति हों, जल में शांति हो, औषध में शांति हो। वनस्पतियों में शांति हो, विश्व में शांति हो। भारतीय संस्कृति में संपूर्ण धरा को ही एक परिवार माना गया है। इसलिए सबके मंगल की कामना की गई है। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि ऋग्वैदिक काल से ही पृथ्वी को माता और आकाश को पिता माना गया है। हमारी संस्कृति में नदियों और प्रकृति को देव स्वरूप देखते थे। उन्होंने कहा कि यजुर्वेद के मंत्र में पर्यावरण को शांतिमय बनाने की स्तुति की गई है। मंत्र में कहा गया है कि हे परमात्मा स्वरूप शांति कीजिए, वायु में शांति हो, अंतरिक्ष में शांति हो, पृथ्वी पर शांति हों, जल में शांति हो, औषध में शांति हो। वनस्पतियों में शांति हो, विश्व में शांति हो।

## गन्नौर की निधि रंगा ने यूपीएससी में पाया 978वां रैंक




**गन्नौर: यूपीएससी द्वारा** घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में गन्नौर क्षेत्र के गांव कैलाना की बेटी निधि रंगा ने आल इंडिया 978वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंगलवार को परिणाम घोषित होते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। निधि रंगा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई सोनीपत के शिवा शिक्षा सदन स्कूल से की और 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी (फिजिक्स) में स्नातक किया। निधि को इससे पहले दो प्रयासों में असफलता हाथ लगी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। खुद की गलतियों को स्वीकार किया और उसमें सुधार कर 2024 में तीसरे प्रयास में 978वां स्थान पाकर सफलता प्राप्त की। निधि के पिता रघबीर सिंह रंगा अध्यापक रहे हैं और उनके बड़े भाई राहुल दिल्ली में वकालत करते हैं। रघबीर सिंह रंगा ने बताया कि उनकी बेटी निधि दिन में 10 से 12 घंटे पढ़ाई करती थीं और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। उनकी सफलता पर पूरे क्षेत्र को गर्व है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम की तैयारियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्री कृष्ण आयुष** विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के काउंटडाउन कार्यक्रम की श्रृंखला में आगामी 9 मई को पवित्र ज्योतिसर तीर्थ पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें शहर की सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।
बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, सहभागिता, जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है और इसका प्रचार-प्रसार जन-जन तक पहुंचे, यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने सभी संस्थाओं से आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में सहयोग करें, ताकि यह आयोजन प्रेरणादायी और



जनजागरण कारी बन सके।
बैठक में योग विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. शीतल सिंगला, हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ. मनीष कुकरेजा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामकुमार, विद्या भारती के प्रकाशन प्रमुख बलबीर सिंह, प्रांतीय महासचिव विजय नड्डा, आयुष विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव अतुल गोयल व योग शिक्षक योगेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान से मिली अनुमति बता दें कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (आयुष मंत्रालय,भारत सरकार) द्वारा आयोजित "100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान" काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का चयन किया गया है। इस भव्य कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन व संस्थान के योग विभाग ने जोरों से तैयारियां शुरू कर दी हैं। खास बात ये है कि इस भव्य कार्यक्रम में शहर की प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

# फ्लेक्स प्रिंटिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर राजीव जैन से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। शहर के** फ्लेक्स प्रिंटिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त नगर निगम हर्षित कुमार से भेंट कर आग्रह किया कि विज्ञापन साइट बढ़ाई जाएँ तथा छोटे - छोटे विज्ञापन बोर्ड लगाने की इजाजत दी जाये ताकि सरकार का विज्ञापन राजस्व भी बढे और हमारा भी कारोबार सुचारु ढंग से चल सके । प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कमल हसीजा ने कहा कि हमें छोटे - छोटे बोर्ड बिजली के पोल पर लगाने की इजाजत दी जाये जिसके लिए हम फीस भरने को तैयार हैं। इसके अतिरिक्त प्राइवेट प्रॉपर्टी पर विज्ञापन लगाने की इजाजत देने की प्रक्रिया सरल करने की भी मांग की। मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि प्रदेश की विज्ञापन नीति के अनुसार विज्ञापन लगाने की अनुमति तुरंत दी जाएगी। उन्होंने बिजली के पोल या अन्य स्थान पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने बारे कहा कि विज्ञापन नीति के अनुसार अनुमति नहीं दी जा सकती। इस बारे में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव बनाकर रखा जायेगा तथा दूसरे राज्यों की विज्ञापन नीति का भी अध्ययन करके प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जायेगा ।
इस अवसर पर विपिन ढींगरा, विनोद पालीवाल, ऋषि प्रकाश, पवन बत्रा, संदीप सरोहा, गौरव चावला, विजय सेतिया, सूरज, दिनेश, गोविन्द, अंकित, शंकर आदि उपस्थित रहे।

# ईंट भट्टे पर काम करने वाले परिवार पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। पुरानी रंजिश** के चलते ईंट भट्टे पर काम करने वाले परिवार पर एक व्यक्ति ने परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों भाई-बहन को तेजधार हथियार से हमला गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल की मां ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। शिकायत में बागपत निवासी रुकसाना ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अगवानपुर सिथत बीबीसी ईंट के भट्टे पर काम करती है। कुछ दिन पहले उसके बेटे अनस और रुस्तम का झगड़ा हुआ था। जिसका समझौता भी हो गया था। 21 अप्रैल को वह भट्टे पर काम कर रहे थे। इस दौरान रुस्तम अपनी पत्नी, बहन व मामा के साथ वह आया और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर रुस्तम की पत्नी और बहन ने उसके साथ मारपीट की।

# रैली निकालकर चाईल्ड केयर के छात्रों ने दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। पृथ्वी** दिवस के अवसर पर चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने गांव-गांव जाकर लोगों को पृथ्वी पर सभी जीवो को बचाने के लिए प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। छात्रों ने अपील करते हुए रैली के माध्यम से कहा कि गेहूं निकलने के बाद फांस को जलाने के बजाय पानी देकर खाद का स्वरूप दे। इससे मिट्टी उपजाऊ हो जाएगी और कीटनाशक भी जलकर समाप्त नहीं होंगे जिनके कारण पर्यावरण स्वच्छ रहता है। सभी ग्रामीण कूड़े करकट को खाद में तब्दील करने का प्रयास करे। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा,देने के लिए पेड़ लगाने होंगेत्र हमें अपने जन्म दिन पर परिवार के प्रत्येक सदस्य को मेरा पेड़ मेरा अभिमान के अंतर्गत मुहिम चलानी होगी। जब तक हम सब मिलकर प्रण नहीं लेंगे हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य अरूण,साथ में नीलम, कोमल, ललिता, सुरेंद्र,मनजीत व स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने व्यवस्था संभाली।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



**विद्यार्थी। गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा बाल वाटिका 2 व 3 के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बाल वाटिका 2 से देव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कीर्ति ने द्वितीय स्थान और सोहन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल वाटिका 3 में क्रिस्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्याम ने द्वितीय स्थान और विराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### विद्यार्थियों ने पृथ्वी के प्रति अपना प्यार दर्शाया




**गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से पृथ्वी की सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने कविता और नृत्य के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपना प्यार दशार्या। विद्यार्थियों ने धरती की रक्षा जीवन की सुरक्षा स्लोगन को एक एक्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया। स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने करने संकल्प दिलाया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा व सुंदर ग्रह छोड़ सकें।

### बंद मकान का ताला तोड नकदी व आभूषण चुराये

**गन्नौर। कोट मोहल्ला** में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कोट मोहल्ला निवासी पूनम ने बताया कि उसका पति व बेटा काम पर गए थे। वह भी घर का ताला लगाकर काम पर चली गई। जब वापस घर लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी से 20 हजार रुपये की नकदी, 8 तोले की चांदी की चेन, पाजेब, चांदी का कड़ा गायब थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### न्यू टैगौर स्कूल में पृथ्वी दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**राई। न्यू टैगोर सीनियर** सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, लघु नाटिका, सुविचार आदि के माध्यम से धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा ने स्कूल के प्रांगण में छात्रों के साथ मिलकर पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। हम सबको एकजुट होकर पर्यावरण को बचाने की शपथ लेनी चाहिए तथा प्रत्येक बच्चे को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

# नहर में डूबे राजेश का दूसरे दिन भी पता नही, आईआरबी भोंडसी से आए गोताखोर



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। आहुलाना के** पास से गुजर रही दिल्ली पैरलर नहर में कपड़े धोते समय डूबे 30 वर्षीय राजेश का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया है। आईआरबी भोंडसी से आए गोताखोर नांव व दूसरे साधनों की मदद से राजेश को नहर में ढूंढने में लगे रहे, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला। बता दें कि दिल्ली पैरलर नहर में कपड़े धोने गए आहुलाना गांव के राजेश का पैर फिसल गया और वह डूब गया। राजेश पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। साथ गए उसके दादा सरजू ने शोर मचाया और गांव में आकर परिवार वालों को अवगत करवाया। राजेश के डूबने की सूचना खुबडू पुलिस चौकी में दी गई। चौकी प्रभारी एएसआई विकास ढांडा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोर को बुलाया, लेकिन देर रात तक उसका कहीं सुराग नहीं मिला। चौकी प्रभारी एएसआई विकास ढांडा ने बताया कि राजेश को ढूंढने के लिए भोंडसी पुलिस अकादमी से आईआरबी टीम के 6 गोताखोर मंगलवार को सुबह ही नहर में उतर गए थे। अलग-अलग तरीके से नहर में डूबे राजेश का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्राकृतिक खेती, शाकाहार अपनाएं, धरती को बचाएँ: डॉ. अशोक

## जलवायु परिवर्तन आज बड़ी चुनौती, सभी मिलकर करें इसका संरक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**आर्य बाल भारती विद्यालय** परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस एवं विश्व जल संसाधन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की। उप प्राचार्य जगदीश चहल, डीपीई आशा अरोड़ा, योग अध्यापक प्रवीण आर्य, डीपीई सुनील आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन यज्ञ के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हो गयो इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत स्काउट एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने विशेष भूमिका निभाई। यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति को विश्व की



सबसे प्राचीन और सबसे वैज्ञानिक संस्कृति माना जाता है। वेदों में पंचतत्व को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है और वैदिक संस्कारों के समय इन सभी तत्वों की उपासना भी की जाती है जिनमें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकतर देशों में प्रति वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस एवं विश्व जल संसाधन दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर पृथ्वी सुरक्षा जल संसाधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जनता को जागरूक किया जाता है। पृथ्वी की गुणवत्ता, उर्वरता और महत्ता को बनाए रखने के लिए इस दिवस पर पृथ्वी और जल संरक्षण का संकल्प प्रबुद्ध नागरिकों को दिलवाया जाता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की जरूरत को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से शोषण किया गया है। यदि समय रहते पृथ्वी और पर्यावरण को संरक्षण प्रदान नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब संसार में खाद्यान्न और जल संकट की चुनौती का सामना विश्व मानव को करना पड़ेगो उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौती खड़ी हुई है जो प्राणियों के लिए ही नहीं बल्कि पौधों के भविष्य के लिए भी बड़ा खतरा है। अब जलवायु के अनुरूप स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण करना और अधिक से अधिक पौधारोपण करना ही एकमात्र उपाय बचा है। इसलिए आर्य शिक्षण संस्थानों में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के विषय में अध्यापकों अभिभावकों और छात्रों को जागरूक किया जाता है ताकि भविष्य में जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटा जा सके यह तभी संभव है जब भारत का प्रत्येक किसान प्राकृतिक खेती करें, हर नागरिक शाकाहार अपनाएं और पृथ्वी को बचाने में अपना योगदान दें।

# कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर प्रचार रथ को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। एसआरके स्किल** सेंटर एवं एचकेसीएल पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में आईटी जागरूकता प्रचार रथ को विधायक देवेन्द्र कादियान ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स और गुणवत्ता युक्त कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। जिसमें बताया कि छात्र जागरूकता के अभाव में प्राइवेट कंप्यूटर संस्थानों में दाखिला ले लेते हैं, जहां उन्हें मान्यता प्राप्त डिप्लोमा नहीं मिल पाता। विधायक देवेन्द्र कादियान एचकेसीएल का अधिकृत कंप्यूटर केंद्र में सरकारी मान्यता प्राप्त कुछ



कोर्स सरकारी योजना के तहत निशुल्क करवाए जाते है। छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। सैंटर संचालक जोगेन्द्र ने कहा कि उनका प्रयास है कि हर घर तक कम्पयूटर शिक्षा पहुंचे। इस अवसर पर एचकेसीएल पंचकूला से मनप्रीत , जैन कन्या कालेज के डायरेक्टर डॉ. मनोज, सुनील उर्फ लंबू, समाजेसवी अंकित मल्होत्रा, सुरेश चौहान, सेंटर संचालक जोगेन्द्र व स्टाफ मौजूद था।

# पेट्रोल पंप संचालक से 20.5 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गाड़ी दिलवाने** का झांसा देकर दो युवकों ने एक पेट्रोल पंप संचालक से 20.5 लाख रुपये ठग लिए। रुपये वापिस मांगने पर आरोपितों की तरफ से उन्हें धमकी मिल रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त को दी। जिस पर उन्होंने गन्नौर पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। इस पर गन्नौर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खिजरपुर अहीर निवासी शमशेर ने बताया कि उसका गुरुग्राम में साझेदारी में पेट्रोल पंप है। दिसंबर 2023 में पेट्रोल पंप पर उसकी मुलाकात पलवल निवासी सुबीन और नासिर से हुई। दोनों ने खुद को वाहन फाइनेंस कारोबारी बताकर विश्वास में लिया और 20.5 लाख रुपये की ठगी की। शमशेर ने बताया कि उन्होंने उसे एक क्रेटा और एक फार्च्यूनर गाड़ी देने का झांसा दिया, लेकिन ना गाड़ियां दीं और ना ही पैसे लौटाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि अब आरोपितों की तरफ से उसे फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिसकी रिकार्डिंग उसके पास है। पुलिस ने शमशेर की शिकायत पर आरोपित सुबीन व नासीर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस जल्द ही आरोपितों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

# पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने पौधों में पानी व खाद डालकर पौधे लगाए

## गायत्री विद्यापीठ स्कूल में छात्रों को पृथ्वी दिवस के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गायत्री विद्यापीठ** नगरपालिका रोड जनस्वास्थय विभाग कार्यालय के सामने बच्चों ने पृथ्वी दिवस बड़े ही धूमधाम व उत्साह से मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने पौधों में पानी व खाद डाला बच्चों ने अपने आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए। विद्यालय की मुख्यध्यापिका शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पृथ्वी अलग-अलग भागों में खंडित हुई। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्रो का जलस्तर बढ़



रहा है जो हमारे भविष्य के लिए खतरा हो सकता है। शकुंतला कौशिक ने बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में और जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को संदेश दिया।

## संपादकीय

# भारत में शहरी नक्सलवाद के इरादे

"**एक राष्ट्र** अपने मूर्खों और यहां तक कि महत्वाकांक्षी लोगों से भी बच सकता है। हालांकि, यह आंतरिक विश्वासघात का सामना नहीं कर सकता। द्वार पर खड़ा एक विरोधी कम शक्तिशाली होता है क्योंकि वह ज्ञात होता है और अपना झंडा फहराता है। हालांकि, देशद्रोही द्वार के अंदर उन लोगों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमता है, उसकी चालाक फुसफुसाहट सभी गलियों में गूंजती है और यहां तक कि सरकार के अपने हॉल तक भी पहुंचती है। क्योंकि देशद्रोही उस तरह दिखता नहीं; वह उन बोलियों में बात करता है जो उसके शिकारों के आदी हैं, उनकी शक्ल और विचारों को अपनाता है और उस नीचता का फायदा उठाता है जो सभी लोग अपने अंदर गहराई से पालते हैं। वह एक राष्ट्र की आत्मा को सड़ा देता है, शहर के स्तंभों को कमजोर करने के लिए रात में गुप्त रूप और बिना पहचाने काम करता है और राजनीतिक शरीर और मन को इस हद तक संक्रमित कर देता है कि वह अब विरोध नहीं कर सकता। एक हत्यारा कम भयावह होता है।"- रोमन राजनेता मार्कस टुलियस सिसेरो, (63 ईसा पूर्व में वाणिज्य दूत थे) भारत शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है। एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं। वे अब 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' के खिलाफ लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं। शहरी नक्सली, ऐसा शब्द जो हाल के वर्षों में लोकप्रिय हुआ है, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी विद्रोह के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। ये शहरी नक्सली और माओवादी, स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापार दिग्गजों की तरह, भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं। उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है। एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आदर्शवाद और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के समर्थक बनकर विद्यार्थियों में कट्टरपंथी धारणाएं भरते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने तथा हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। भारत विरोधी नारे और हिंसा जो भी हम अलग-अलग शिक्षा परिसरों में देखते हैं, वह काफी हद तक शहरी नक्सलियों द्वारा छात्रों को प्रभावित करने का परिणाम है।

# वह दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है



बलदेव राज भारतीय

> "खगोल विज्ञान में, किसी खोज को निश्चित मानने के लिए फाइव-सिग्मा स्तर की आवश्यकता होती है, इसलिए इस दिशा में और शोध की जरूरत है। मधुसूदन ने इस खोज को खगोल विज्ञान और जैव-खगोल विज्ञान में एक परिवर्तनकारी क्षण करार दिया है। उनकी टीम का मानना है कि ड2-18ु पर एक गर्म सागर हो सकता है, जो जीवन से परिपूर्ण हो। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह जीवन की पुष्टि नहीं है, बल्कि एक मजबूत संकेत है, जिसे और जांच की आवश्यकता है। मधुसूदन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जीवन की खोज का दावा समय से पहले करना किसी के हित में नहीं है। यह सावधानी वैज्ञानिक समुदाय में एक सामान्य प्रथा है, क्योंकि अतीत में भी कई बार ऐसी खोजें गलत साबित हुई हैं, जैसे कि 2018 में शुक्र के वायुमंडल में फॉस्फीन की उपस्थिति का दावा"

**यह** धरती, यह आकाश, यह ब्रह्मांड अपने आप में न जाने कितने रहस्य छुपाए हुए हैं। कितनी बड़ी विडंबना है कि हम अपनी पृथ्वी को अभी सही ढंग से समझ नहीं सके और बाह्य जगत के रहस्यों को जानने के लिए लालायित रहते हैं। मनुष्य अंतरिक्ष के अन्य पिंडों पर जीवन की तलाश कर रहा है और जहां जीवन मौजूद है उसे तहस नहस करने पर तुला हुआ है। वह कभी चांद पर जीवन की संभावना तलाशता है तो कभी मंगल पर पानी की खोज। बड़े बड़े टेलिस्कोप लिए बैठा है किसी नई दुनिया की खोज में। जैसे उसके सपने इस दुनिया में नहीं उसी दुनिया में पूरे होने हों। वह रहस्य, वह रोमांच बयान नहीं किया जा सकता, जब उसे ऐसी किसी दुनिया का पता चलता है। वह उस बच्चे की तरह मचल उठता है, जिसे उसके पसंदीदा खिलौने मिल गए हों। ऐसी ही खुशी भारतवंशी वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन को उस समय प्राप्त हुई जब उन्होंने अपनी हालिया अंतरिक्ष खोज से पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया। सौरमंडल से 120 प्रकाशवर्ष दूर एक बाह्यग्रह ड218ु पर जैविक गतिविधि के मजबूत संकेत पाए गए हैं। निक्कू मधुसूदन के नेतृत्व वाले एक दल ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की सहायता से उस ग्रह पर डाइमिथाइल सल्फाइड और डाइमिथाइल डाइसल्फाइड जैसे रासायनिक यौगिकों का पता लगाया, जो पृथ्वी पर केवल जीवित प्राणियों विशेषकर समुद्री शैवाल द्वारा उत्पादित होते हैं। यह खोज न केवल खगोल विज्ञान और जैव-खगोल विज्ञान के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि मनुष्य के मन में वर्षों से दबे उस प्रश्न के उत्तर की ओर बढ़ा हुआ एक कदम है जिसमें बार बार उसके मस्तिष्क के पटल पर प्रश्न उभरता था कि क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? यद्यपि अनेक सनातन ग्रंथों में वर्णित त्रिलोक शब्द इस बात की पुष्टि करता था कि पृथ्वी के अतिरिक्त भी अन्य दो लोक हैं, जहां जीवन संभव है। परन्तु विज्ञान की कसौटी पर इन ग्रंथों को मिथक कहकर नकार दिया जाता था। अब जब मनुष्य एक नई दुनिया के विषय में जानकारी प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है तो कहीं न कहीं सनातन ग्रंथों में वैज्ञानिकता की पुष्टि होने की संभावना बढ़ रही है।

निक्कू मधुसूदन का जन्म 1980 में भारत में हुआ। उनकी शैक्षिक यात्रा की शुरूआत वाराणसी के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी बीएचयू) से हुई, जहां उन्होंने बी.टेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद, उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का रुख किया और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से भौतिकी में मास्टर और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। टक्ळ में उनके गुरु प्रोफेसर सारा सीगर, जो बाह्यग्रह अनुसंधान की अग्रणी वैज्ञानिक हैं, ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में, निक्कू मधुसूदन कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी और बाह्यग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।

आओ बात करें उस ग्रह की जिसे K2-18b नाम दिया गया है। यह एक बाह्यग्रह है, जो पृथ्वी से लगभग 120-124 प्रकाश वर्ष दूर है। यह ग्रह सिंह राशि में स्थित एक ठंडे लाल बौने तारे K2-18 के चारों ओर चक्कर लगाता है। इस ग्रह की खोज पहली बार 2015 में केपलर स्पेस टेलीस्कोप के डेटा के आधार पर की गई थी। यह एक सब-नेपच्यून ग्रह है, जिसका आकार पृथ्वी से बड़ा लेकिन नेपच्यून से छोटा है। इसका द्रव्यमान पृथ्वी से 8.6 गुना और व्यास 2.6 गुना है। यह ग्रह अपने तारे के हैबिटेबल जोन में स्थित है, अर्थात वह क्षेत्र जहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना होती है। जिसके कारण वहां जीवन की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मधुसूदन और उनकी टीम ने 2021 में हाइसीन ग्रहों की अवधारणा प्रस्तुत की थी। हाइसीन हाइड्रोजन और ओसियन दो शब्दों को जोड़कर बना है। अर्थात उन्होंने उन ग्रहों पर फोकस किया जिन पर हाइड्रोजन और ओसियन दोनों हों, क्योंकि ऐसे ग्रहों पर जीवन की संभावनाएं अधिक होती हैं। इस खोज का आधार नासा का जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप है, जिसे दिसंबर 2021 में लॉन्च किया गया था। यह टेलीस्कोप अपनी उन्नत अवरक्त तकनीकों के कारण बाह्यग्रहों के वायुमंडल का अध्ययन करने में अभूतपूर्व सक्षमता रखता है। जब K2-18b अपने तारे के सामने से गुजरता है, तो तारे का प्रकाश ग्रह के वायुमंडल से होकर गुजरता है। इस प्रक्रिया में, वायुमंडल में मौजूद गैसें प्रकाश की कुछ तरंगदैर्ध्य को अवशोषित कर लेती हैं, जिससे एक विशिष्ट स्पेक्ट्रम बनता है। इस स्पेक्ट्रम का विश्लेषण करके वैज्ञानिक वायुमंडल में मौजूद रासायनिक यौगिकों की पहचान कर सकते हैं। मधुसूदन की टीम ने इस तकनीक, जिसे ट्रांसमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी कहते हैं, का उपयोग करके और के संकेतों का पता लगाया। उ्दर का पता लगना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पृथ्वी पर यह गैस केवल जीवित प्राणियों, मुख्य रूप से समुद्री शैवालों द्वारा उत्पादित होती है। इस गैस की उपस्थिति पर जैविक गतिविधि की संभावना को दर्शाती है। हालांकि, नासा और मधुसूदन ने इस खोज को पूरी तरह से पुष्ट करने के लिए और अधिक अवलोकनों की आवश्यकता पर जोर दिया है। वर्तमान में, उ्दर का सिग्नल थ्री-सिग्मा स्तर पर है, जिसका अर्थ है कि यह सिग्नल के यादृच्छिक होने की संभावना केवल 0.3% है। खगोल विज्ञान में, किसी खोज को निश्चित मानने के लिए फाइव-सिग्मा स्तर की आवश्यकता होती है, इसलिए इस दिशा में और शोध की जरूरत है।

मधुसूदन ने इस खोज को खगोल विज्ञान और जैव-खगोल विज्ञान में एक परिवर्तनकारी क्षण करार दिया है। उनकी टीम का मानना है कि K2-18b पर एक गर्म सागर हो सकता है, जो जीवन से परिपूर्ण हो। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह जीवन की पुष्टि नहीं है, बल्कि एक मजबूत संकेत है, जिसे और जांच की आवश्यकता है। मधुसूदन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जीवन की खोज का दावा समय से पहले करना किसी के हित में नहीं है। यह सावधानी वैज्ञानिक समुदाय में एक सामान्य प्रथा है, क्योंकि अतीत में भी कई बार ऐसी खोजें गलत साबित हुई हैं, जैसे कि 2018 में शुक्र के वायुमंडल में फॉस्फीन की उपस्थिति का दावा। इस खोज का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हाइसीन ग्रहों की अवधारणा को और मजबूती प्रदान करता है। मधुसूदन ने 2021 में प्रस्तावित किया था कि हाइसीन ग्रह, जो सब-नेपच्यून श्रेणी में आते हैं, जीवन की खोज के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हो सकते हैं। ये ग्रह अपने आकार और वायुमंडलीय संरचना के कारण चट्टानी ग्रहों की तुलना में वायुमंडलीय अवलोकन के लिए अधिक सुलभ हैं। ड2-18ु पर उ्दर और उ्दउ्र का पता लगना इस सिद्धांत के अनुरूप है, जिससे भविष्य में ऐसे और ग्रहों का अध्ययन करने की प्रेरणा मिलती है। इस खोज ने वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय और आम जनता में उत्साह पैदा किया है। निश्चित ही निक्कू मधुसूदन की यह उपलब्धि भारत के लिए गर्व का विषय है। क्ळ-इलव से अपनी यात्रा शुरू करने वाले इस वैज्ञानिक ने न केवल वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन किया है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों के लिए भी एक प्रेरणा स्थापित की है। उनकी यह खोज भारतीय वैज्ञानिक समुदाय की क्षमता और वैश्विक विज्ञान में उनके योगदान को दर्शाती है। इस वैज्ञानिक उपलब्धि पर जितना भी गर्व किया जाए कम है, क्योंकि यह इस अवधारणा को पुष्ट करेगी कि हम ब्रह्मांड में अकेले नहीं हैं। परन्तु एक प्रश्न मन में बार बार दस्तक दे रहा है कि पृथ्वी से लगभग 120 प्रकाशवर्ष दूर किसी ग्रह पर जीवन मिल भी जाए तो क्या? एक स्वस्थ मनुष्य यदि अपने जीवन में एक भी दिन बीमार न पड़े तो शायद वह अपने जीवनकाल में 120 वर्ष जी सके। परन्तु जिस ग्रह पर प्रकाश की गति से जाने में ही 120 वर्ष लग जाएं।



## कविता

तेरा सर इस से हटने में बड़ी
तकलीफ होती है
अब इस दिल को धड़कने में बड़ी तकलीफ
होती है

मुझे जाना है जाता तो हूँ ऐ जाने- वफा लेकिन
तेरी महफिल से उठने में बड़ी तकलीफ होती
है

तेरी पलकों पे जब से आँसुओं की बूंदें देखी हैं
मुझे ऐ यार हँसने में बड़ी तकलीफ होती है

मजामीं ही नहीं आते हैं मेरे जह्न में जानाँ
तेरे बिन शेर कहने में बड़ी तकलीफ होती है

अचानक अपना सर इस से हटा लेता है जब
भी तू
कसम से मेरे सीने में बड़ी तकलीफ होती है

तेरी कुछ पल की फुरकत ने मुझे ये तजरिबा
बख़्शा
अकेले जीस्त जीने में बड़ी तकलीफ होती है

तेरे बख़्शे हुए गम तो मुझे मंजूर हैं हमदम
मगर बर्दाश्त करने में बड़ी तकलीफ होती है

मुझे उस ने जो उल्फत से भरे लफ़्ज़ों में
लिख्खे थे
पुराने खत वो पढ़ने में बड़ी तकलीफ होती है

जकी तारिक

## साधारण मेक आप से पाएं निखार

**शहनाज हुसैन**

**खूबसूरत** दिखने के लिए हम क्या कुछ नहीं करते / चाहे पार्टी , त्यौहार या शादी में जाना हो तो हमारी कोशिश यही रहती है की हम सबसे अलग दिखें /पार्टी में जाने से पहले हम सबसे पसंदीदा ड्रैस चुनते हैं लेकिन अच्छे ड्रैस से मेल खाता सही मेक अप भी बहुत जरूरी होता है / हालाँकि मेक आप तो सभी महिलायें कर लेती हैं लेकिन एक सही मेक अप ही आपके आउटलुक को निखार सकता है /अगर आप कुछ हट कर दिखने की चाहत रखती हैं तो आप साधारण टिप्स अपना कर फंक्शन का आकर्षण बन सकती हैं

सुंदरता महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती है। इसलिए हर महिला अपनी त्वचा और बालों का विशेष ध्यान रखती है। खासतौर पर चेहरा अच्छा लगे इसके लिए महिलाएं बहुत सारे घरेलू उपाय अपनाने के साथ साथ महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल भी करती हैं / आप अपने चेहरे की खूबसूरती को थोड़ा सा मेकअप इस्तेमाल करके भी बढ़ा सकती हैं। इसके लिए बहुत जरूरी है कि आपको मेकअप करने का सही तरीका पता हो। आमतौर पर महिलाएं मेकअप करने से पहले यह तय ही नहीं कर पाती हैं कि उन्हें किस तरह का मेकअप करना है और कैसा मेकअप उनके उपर अच्छा लगेगा। जबकि एक अच्छा मेकअप आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार देता है। खासतौर पर अगर आप किसी पार्टी या विशेष अवसर के लिए मेकअप कर रही हैं, तो आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आज हम आपको कुछ आसान मेकअप टिप्स देंगे, जिन्हें अपना कर आप बहुत कम समय में भी तैयार हो जाएंगी।

**आंखों का मेकअप** -------आंखों का मेकअप बहुत ही खास होता है। अच्छा आई मेकअप आपके पूरे लुक को बेहतर बनने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आंखों का बेस तैयार करना चाहिए और प्राइमर एवं फाउंडेशन लगाना चाहिए। फिर आप आंखों को यदि बड़ा दिखाना चाहती हैं, तो आपको लाइट आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपकी आंखें बड़ी नजर आती हैं। इसके साथ आप काजल और आइलैशेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपकी आंखों को खूबसूरत लुक देते हैं।

**नेल केयर** ------मैनीक्योर के बाद यदि आप नेलपेंट लगाना भूल गई हैं या आपको अचानक ही पार्टी के लिए तैयार होना पड़ रहा है और आपके पास नेल पेंट को सुखाने का समय नहीं है तो बाजार में आने वाले नेलआर्ट स्टीकर्स आपके लिए मददगार साबित होंगे।

**मेकअप बेस तैयार करें**----- मेकअप बेस तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले प्राइमर लगाना चाहिए। इसके बाद चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और फाउंडेशन का चुनाव हमेशा अपनी स्किन टोन से एक टोन उपर करें।

इसके बाद आप फेस पाउडर लगाएं। यदि आप गालों को हाइलाइट करना चाहती हैंए तो पीच ब्लश ऑन का भी इस्तेमाल करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि आपको फाउंडेशन लगाने के बाद गीले स्पंज को चेहरे पर डैब करेंए ताकि फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाए।

**लिपस्टिक**----- लिपस्टिक का चुनाव करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि डे पार्टी है या नाइट पार्टी है। डे पार्टी में लाइट और न्यूड शेड्स की लिपस्टिक कैरी करें और नाइट पार्टी में डार्क रेड, ब्राउन या फिर डार्क पिंक कलर की लिपस्टिक कैरी करें।

## विचार

# देश के दिल दिल्ली से राष्ट्र को संस्कृतमय करने की पहल

**सुशील कुमार 'नवीन '**

**दिल्ली** देश का दिल है। यहां पर हुई कोई भी हलचल या गतिविधि अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान स्थापित करती है। देवभाषा संस्कृत के प्रचार और प्रसार में पिछले 44 वर्षों से समर्पित अंतरराष्ट्रीय संगठन संस्कृत भारती दिल्ली से ही 23 अप्रैल से संस्कृत संभाषण का विशेष महाभियान शुरू करने जा रहा है। इसके तहत दिल्ली के विभिन्न 1008 स्थानों पर संस्कृत संभाषण शिविरों के माध्यम से दस हजार से भी अधिक परिवारों को अपने साथ प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इन संभाषण शिविरों के माध्यम से प्रशिक्षित कार्यकर्ता शिक्षक का दायित्व निर्वहन कर 50 हजार से अधिक लोगों को संस्कृत संभाषण में दक्ष करने का कार्य करेंगे। इसका समापन 4 मई को एक बड़े आयोजन के साथ होगा। संस्कृत भारती के अनुसार किसी भी राष्ट्र की अखण्डता के लिए सांस्कृतिक भाषा एक आवश्यक वैचारिक आधार है। संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी होने के कारण सभी देशवासियों को एकत्र करने की भूमिका बहुत प्रभावी ढंग से निभा सकती है। दर्शन, साहित्य, विज्ञान,ज्योतिष, वास्तुकला, आयुर्वेद, योग, गणित, संगीत आदि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के ज्ञानकोष की कुञ्जी संस्कृत है। संस्कृतभाषा को जन-जन की व्यवहार भाषा बनाने के लिए 1981 में संस्कृतभारती संगठन की शुरूआत हुई जो आज एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। संस्कृत के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित शिक्षकों, संयोजकों, विद्वान् मार्गदर्शकों के साथ-साथ समाज में अनेक प्रकार से सहयोगीजनों का राष्ट्रव्यापी मंच देकर संस्कृतभारती ने कार्य को और गति प्रदान की है। संस्कृत भारती विविध कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कृत को समाज तक ले जाती है।

संस्कृत सम्भाषण शिविरों के माध्यम से संस्कृत भारती द्वारा दस दिन तक प्रतिदिन दो घंटे संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण अत्यन्त रोचक विधि से अन्य भाषा के प्रयोग के बिना शब्द, वाक्य, कथा, अभिनय प्रदर्शन, गीत आदि के माध्यम से परस्पर वातार्लाप से दिया जाता है। देशभर में अब तक इस तरह के एक लाख से अधिक शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। सम्भाषण शिवरों के माध्यम से संस्कृतभारती ने अभी तक विश्वभर में दो करोड़ लोगों को संस्कृत सम्भाषण में सक्षम करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। डेढ़ लाख से अधिक कार्यकताओं को संस्कृत में शिक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। विश्व के 26 देशों में 45 सौ से अधिक केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है। इसे देश के जन जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। संस्कृत भारती दिल्ली द्वारा यहां से एक बड़े आयोजन की कार्य योजना बनाई गई। इसके तहत दिल्ली में एक साथ 1008 संस्कृत संभाषण शिविरों के संचालन पर सहमति बनी। इसके लिए 1000 से अधिक कार्यकताओं को पहले विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर प्रशिक्षित किया गया। इसी के तहत बुधवार 23 अप्रैल से शिविरों का महाभियान शुरू हो रहा है।

संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृत भारती का यह कोई एक मात्र कार्यक्रम नहीं है। साप्ताहिक मेलन सम्भाषण शिविर का ही अनुवर्ती कार्यक्रम है। इसके तहत सप्ताह में एक दिन दो घण्टे के लिए एकत्र आकर संस्कृतवातावरण में रहकर पुनः संस्कृत सम्भाषण का अभ्यास करते हैं। नए लोगों का भी संस्कृत से परिचय कराने में भी यह लाभदायक साबित होता है। इसी क्रम में दस दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया जाता है। इसके तहत अखण्ड संस्कृत वातावरण में रहते हुए संस्कृत में ही चिन्तन मनन के लिए प्रेरित कर सहज भाव से संस्कृत को व्यवहार में लाने का सामर्थ्य पैदा किया जाता है। इसी कड़ी में प्रशिक्षणवर्ग संस्कृत सम्भाषण शिविर शिक्षकों के निर्माण के लिए विशेष वर्ग है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी समाज में जाकर सम्भाषण शिविर चलाते हैं। संस्कृत को संस्कृत माध्यम से पढ़ाने का प्रशिक्षण भी इसी वर्ग में प्राप्त होता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# विचारों का उपवन हैं पुस्तकें

**संदीप सृजन**

**पुस्तकें हैं वन उपवन, जहां विचारों की छाँव**
**हर पन्ना एक पंखुड़ी, बिखेरे ज्ञान का गंध।**
**इनमें बसती है सृष्टि, इनमें जीवन का स्वर,**
**पढ़ने वाला पाए, अनंत का आलिंगन सघन।**

प्रकृति के सुकुमार कविवर सुमित्रानंदन पंत की ये पंक्तियां प्रकृति और पुस्तक के बीच एक सुंदर समन्वय स्थापित करती है। उनने कविता में पुस्तकों को विचारों का उपवन कहा है। जो शाश्वत सत्य है। आज का युग तकनीकी क्रांति का युग है। स्मार्टफोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और वर्चुअल रियलिटी ने मानव जीवन को एक नई दिशा दी है। सूचनाएँ अब उंगलियों के इशारे पर उपलब्ध हैं, और डिजिटल उपकरणों ने समय और स्थान की सीमाओं को लगभग मिटा दिया है। फिर भी, इस तेज रफ्तार डिजिटल दुनिया में पुस्तकें अपनी एक खास जगह बनाए हुए हैं। पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि मानवता की संस्कृति, इतिहास, भावनाओं, और कल्पनाशीलता का जीवंत दस्तावेज भी हैं। पुस्तकें मानव सभ्यता की रीढ़ रही हैं। प्राचीन मिस्र के पेपिरस से लेकर भारत के ताड़पत्रों तक, और मध्ययुगीन यूरोप की हस्तलिखित पांडुलिपियों से लेकर आधुनिक मुद्रित पुस्तकों तक, इनका योगदान अतुलनीय है। वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, बाइबिल, कुरान, और गुरु ग्रंथ साहिब जैसी पुस्तकों ने न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया, बल्कि नैतिकता, दर्शन, और सामाजिक मूल्यों को भी परिभाषित किया। ये ग्रंथ आज भी प्रासंगिक हैं, क्योंकि ये मानव जीवन की जटिलताओं को समझने का एक गहरा दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। टेक्नालॉजी ने सूचनाओं को तीव्र और सुलभ बना दिया है, लेकिन पुस्तकों की गहराई और प्रामाणिकता का कोई विकल्प नहीं है। एक पुस्तक न केवल तथ्यों का संग्रह होती है, बल्कि यह लेखक के विचारों, अनुभवों, और भावनाओं का एक संगम भी होती है। पाठक जब पुस्तक के पन्नों को पलटता है, तो वह लेखक के साथ एक संवाद में प्रवेश करता है, जो समय और स्थान की सीमाओं को पार कर जाता है।

## विवाद के समय बीजेपी क्यों छोड़ देती है अपने नेताओं का साथ

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

**भारतीय** जनता पार्टी भारत की सबसे बड़ी और सबसे संगठित राजनीतिक पार्टियों में से एक है। अनुशासन, संगठनात्मक ढांचा और विचारधारा की स्पष्टता इसके प्रमुख स्तंभ माने जाते हैं। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति देखी गई है कि जब पार्टी के किसी नेता पर विवाद खड़ा होता है, तो पार्टी उनसे सार्वजनिक रूप से दूरी बना लेती है या उन्हें पद से हटाने में देर नहीं करती। यह परिपाटी कई बार यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर विवाद के समय बीजेपी अपने ही नेताओं का साथ क्यों छोड़ देती है,ब ीजेपी आलाकमान का मुसीबत के समय अपने नेताओं का साथ छोड़ने का सिलसिला काफी पुरानी है। साध्वी प्रज्ञा हो या विवादित बयान देने वाली नुपुर शर्मा और अब केन्द्रीय मंत्री निशिकांत दुबे,राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा या अन्य कोई बीजेपी किसी भी नेता से किनारा करने में देरी नहीं करती है, अन्य दलों का शीर्ष नेतृत्व मुसीबत के समय अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाये खड़ा रहता है। समाजवादी पार्टी के विवादित नेता और सांसद रामजी लाल सुमन इसकी ताजा मिसाल है। सुमन ने वीर पुरुष और महानायक राजा राणा सांगा को गद्दार कहा था। ऐसा क्यों होता है, इसकी तह में जाया जाये तो पता चलता है कि बीजेपी अपने ब्रांड को विकास और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करती रही है। पार्टी नेतृत्व यह अच्छी तरह समझता है कि किसी भी नेता से जुड़ा विवाद संपूर्ण पार्टी की छवि पर असर डाल सकता है। ऐसे में वह डैमेज कंट्रोल की नीति अपनाती है। उदाहरण के तौर पर, जब बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे, तो पार्टी ने सीधे तौर पर उनका समर्थन नहीं किया, भले ही वह एक लंबे समय से पार्टी के प्रभावशाली चेहरा रहे हों। इसी तरह, जब पूर्व मंत्री एमजे अकबर पर मी टू अभियान के दौरान कई महिलाओं ने आरोप लगाए, तो पार्टी ने चुपचाप उन्हें पद से हटने दिया, बिना उनका खुला समर्थन किए। बीजेपी का संगठनात्मक ढांचा यह सुनिश्चित करता है कि व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बच्चों के विकास में आंगनबाड़ी केंद्र की अहम भूमिका: श्रुति चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा की महिला** एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने आज जिला के गांव झंझाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रुति चौधरी ने आंगनबाड़ी केंद्र के विभिन्न रजिस्टरों की जांच की। बच्चों की उपस्थितिए पोषण और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की और उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र में साफ.सफाई व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी और बच्चों की संख्या के अनुरूप उचित स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां सुरक्षित वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं से बच्चों की देखभाल और पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने और उन्हें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद तथा सीडीपीओ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मंदिर किनारे आग जलाकर बैठी मिली महिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गोल्ली गांव** में बाबा के मंदिर के पास काले और लाल कपड़ों में आग जलाकर बैठी महिला ने ग्रामीणों को सकते में डाल दिया। संदिग्ध महिला की जानकारी गांव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते ग्रामीण मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने पुलिस को बुला लिया। महिला ने अपनी अजीबोगरीब बातों से न सिर्फ ग्रामीणों को उलझन में डाला, बल्कि पुलिस को भी सोच में डाल दिया। महिला से जब सवाल किए, तो उसने जवाब ऐसे दिए कि किसी की समझ में कुछ नहीं आया। पहले बोली-मच्छर काट रहे थे, इसलिए आग जलाई, फिर कहने लगी-मुझे मोदी ने फसलों का निरीक्षण करने भेजा है। महिला कभी खुद को मोनालिसा बताती, तो कभी कहती कि वह मोनिका कोइरी है और असम से आई है। पुलिस ने सख्ती से असली नाम पूछा तो वह गाने गाने लगी। पुलिस ने हिरासत में लेकर करनाल के वन स्टॉप सेंटर में छोड़ दिया। गांव गोली निवासी संदीप कुमार ने बताया कि गांव के बाहर बाबा के मंदिर के पास एक महिला को रात में सडक किनारे आग जलाकर बैठे देखा गया।

### रेणु विद्या मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन



**राई। रेणु विद्या** मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के समावेशी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष शिक्षक चेतन शर्मा ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। दीपक कुमार (वाणी चिकित्सक) ने छात्रों को पृथ्वी दिवस के इतिहास और इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने पोस्टर बनाकर और नारे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, संस्थान में पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# कबड्डी टीम वर्क, अनुशासन व साहस को देता है बढ़ावा : सुरेंद्र पंवार

## पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। पूर्व विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि कबड्डी एक महत्वपूर्ण खेल है जो न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी खिलाड़ियों को मजबूत करता है। यह खेल टीमवर्क, अनुशासन व साहस को बढ़ावा देता है, कबड्डी हमारी संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार अनूप स्पोर्टस विलेज में आयोजित हरियाणा स्टेट सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में सोनीपत लोकसभा से सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी के साथ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा



कि पहले और आज की तुलना में कबड्डी खेल बहुत ही ऊंचाईयों पर पहुंचा है। कबड्डी के खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने में सबसे बड़ी भूमिका हमारे कोच साहिबानों व हरियाणा के उजावान खिलाड़ियों की रही है। जिन्होंने अपने प्राचीन खेल को न सिर्फ एक नई राह देने का काम किया है, बल्कि खेल ने भी खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सांसद ब्रह्मचारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी खिलाड़ियों एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेले। खेल में हार-जीत होती रहती है, कभी भी खिलाड़ी को निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर मेहनत करने वाला खिलाड़ी हमेशा सफल होता है। वर्तमान दौर में पढ़ाई के साथ-साथ प्रत्येक युवा की खेल में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। क्योंकि खेल के माध्यम से युवा अपने परिवार के साथ-साथ अपने समाज, जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है। इस दौरान कुलदीप दलाल, रामबीर खोखर, दोणाचार्य अवार्डी, नसीब सिंह, बलबीर पहल, निशांत खत्री, कुलदीप पहल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दि अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी आम सभा की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: रविवार को दि अम्बेडकर एजुकेशल सोसायटी की** बैठक डॉ अम्बेडकर भवन, ककरोई रोड़ सोनीपत में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान सत्यवान भाटिया ने की एवं संचालन सचिव जगमिन्द्र सिंह सरोहा ने किया। बैठक में प्रधान सत्यवान भाटिया ने बताया कि कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि सोसायटी की आम सभा की बैठक दिनांक 25 मई 2025 को सुबह 9:30 बजे डॉ० बी आर अम्बेडकर भवन, ककरोई रोड, सोनीपत में आयोजित की जाएगी। बैठक में वर्ष 2024-25 का आय- व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा ताकि समय पर जिला रजिस्ट्रार सोनीपत ( फर्म एवं सोसायटी) में सोसायटी की वार्षिक रिपोर्ट जमा की जा सके। सोसायटी की सभी आजीवन सदस्यों से अपील है कि 25 मई दिन रविवार को निश्चित समय पर पहुंचे।

बैठक में प्रधान व सचिव के अतिरिक्त सोसायटी के कोषाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह, सह-सचिव श्री जवाहर सिहं, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार, राविन्द्र कुमार भाटिया, कुलदीय राज व मुल्तान सिंह भौरिया मौजूद रहे।

## जीडी गोयंका के छात्रों ने दिया पृथ्वी बचाने का संदेश

**राई। खेवड़ा स्थित जीडी** गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय के अंतर्गत कक्षा पहली से 12वीं कक्षा तक पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग आदि गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। छात्रों ने पृथ्वी को मां के समान बताया जिस प्रकार माता हमारा पालन- पोषण करती है, उसी प्रकार पृथ्वी सभी का भरण-पोषण करती है। यदि हमने समय पर जागरूकता का संदेश नहीं फैलाया, तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी अपना भयानक रूप दिखाएगी। हमें यह धरोहर संजोकर रखनी चाहिए।

## डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डीएवी सैंटनरी पब्लिक** स्कूल में मातृ पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पौधारोपण, कलरिंग, पोस्टर मेकिंग और फोटोग्राफी शामिल थीं। कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने कलरिंग और क्राउन बनाया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया जिसमें उन्होंने वेस्ट डिस्पोजल ग्लास का प्रयोग किया। कक्षा चौथी से पांचवी के विद्यार्थियों ने अर्थ डे पर कलरिंग की और कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने अर्थ डे पर पोस्टर



मेकिंग किया।छठी व आठवीं के विद्यार्थियों ने पौधा रोपण करने के साथ धरती को हरा भरा व सुंदर बनाने के लिए नारे भी लगाए। कक्षा दसवीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने प्रकृति पर फोटोग्राफी की।अध्यापिका सृष्टि ने बायोडिग्रेडेबल और नॉन बायोडिग्रेडेबल विषय पर विद्यार्थियों को गतिविधि करवाई व किचन गार्डन विषय पर मॉडल तैयार करवाया। प्रार्थना सभा में मातृ पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी में भाषण दिए कक्षा नौवीं से प्रिंसिया व सुनैना ने इंग्लिश में और तमन्ना व स्नेहा ने हिंदी में भाषण देकर सबके मन को भाव-विभोर कर दिया। कक्षा तीसरी से प्रियांशी और अथर्व ने पृथ्वी हमारी सबसे न्यारी कविता प्रस्तुत की।कक्षा चौथी से पूर्वी और चेतना ने हिंदी में और पलक ने अंग्रेजी में कविता प्रस्तुत की।अध्यापिका प्रिया ने मातृ पृथ्वी दिवस पर एक भाषण दिया और बच्चों के बीच में क्विज करवाई। अध्यापक मृगेंद्र राठी ने प्रकृति पर अपने विचार प्रस्तुत किये।अंत में प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये और उन्होंने सभी को पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया

## जेब्रा क्रॉसिंग की आवश्यकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**सुरक्षित स्कूल** वाहन एवं सडक सुरक्षा को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में एजैण्डा वाईज सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला में जरूरत के अनुसार जहां-जहां भी जेब्रा क्रॉसिंग और गति अवरोधक ब्रेकर की आवश्यकता है उन्हें बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सिवाह नहर के पास ग्रील लगाने के कार्य को लेकर उपायुक्त ने बताया कि इसकी लोक निर्माण विभाग से 11 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति आ चुकी है और अगले सप्ताह इसका टैण्डर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एजैण्डा में जिला की जिन-जिन मार्गो का जिक्र किया जाता है उनका कार्य पूरा कर उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट भी भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनएच-44 पर सभी अवैध कटों को बंद किया जाए ताकि सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बैठक में राजमार्ग के चौड़ीकरण को लेकर भी बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खम्बों को हटाने के कार्य में प्रगति लाएं ताकि एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यो में विलम्ब ना हो।

## जिला परिषद की सामान्य बैठक संपन्न, कई प्रस्तावों पर लगी मोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

जिला परिषद की सामान्य बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की चेयरमैन काजल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह की मौजूदगी में आठ एजैण्डों पर एक-एक करके चर्चा हुई। जिसमें राज्य वित्त आयोग की प्रगति, 15वें वित्त आयोग की प्रगति एवं पूर्व योजना के अनुमोदन पर परिषद के सदस्यों ने सहमति प्रकट की। वहीं मनरेगा योजना के तहत सदस्यों



द्वारा मांगों की प्रगति हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह वर्मा ने मनरेगा के कार्यो को प्रगति से करने व प्राथमिकता देने के लिए अपनी राय दी। बैठक में ग्राम पंचायतों में स्टील के बैंच रखने पर भी चर्चा हुई। जिला परिषद की चेयरमैन ने कार्यालय खर्च को लेकर अपनी स्वीकृति स्पष्ट की। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें पहले प्रस्ताव में पार्षदों ने विकास कार्यो के खर्च पर वाईस चेयरमैन के हस्ताक्षर करने से सम्बंधित था। इस पर 9 पार्षदों ने सहमति प्रकट की व 8 पार्षदों ने असहमति प्रकट की। दूसरे प्रस्ताव में पार्षदों ने पिछले नियम को लेकर प्रस्ताव रखा। जिस पर 10 पार्षदों ने मोहर लगाई। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को भी जिला परिषद सीईओ के समक्ष रखा जिस पर अधिकारियों ने परिषद के सदस्यों को आश्वासन दिया कि बैठक में जिन पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी हैं उन पर वे अच्छा कार्य कर के दिखाएंगे। बैठक में अब तक हुए विकास कार्यो पर खर्च राशि का ब्यौरा भी दिया गया। बैठक में संबंधित पार्षद ने खुखराना से आसन तक के मार्ग को दुरूस्त करने का अनुरोध किया। इस पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने अपनी स्थिति स्पष्द की। बैठक में एचएसवीपी विभाग से एक पार्षद ने अनुरोध किया कि गांव नैन की सडके टूटी पड़ी हैं जिनको दुरूस्त करने की जरूरत है। सम्बंधित विभाग ने इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## बाल विवाह के विरुद्ध रैली के माध्यम से चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: अक्षय तृतीया पर होने** वाले संभावित बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोनीपत कोर्ट स्कूल में एमडीडी ऑफ इंडिया, शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग जिला संरक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विषय में स्कूलों में परिजनों को जागरूक किया जिसमें बताया गया कि बाल विवाह के प्रति चौकस निगाह रखी जाए और परिजनों को स्कूलों के माध्यम से बच्चों को कहा गया कि आपके आस पास जो परिजन बाल विवाह के बारे में सोच रहे है या बाल विवाह कराया जा रहा है तो तुरंत संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा जारी नंबर पर या जिला प्रशासन के द्वारा




जारी नंबर पर सूचना दे ।बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह किशोरियों के अधिकारों का हनन है जिससे चलते किशोरिया शारीरिक मानसिक भावनात्मक एवं आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं हो पाती जिससे उनके विकास में बाधा आती है अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में जो शादियां हो रही हैं जिस कारण बाल विवाह होने की भी संभावनाएं हैं इसलिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमें स्कूलों के माध्यम से प्रिंसिपल साहिबा से मीटिंग कर, रेलिया एवं प्रभात फेरी के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है स्कूल के द्वारा लोगों को बाल विवाह, बाल मजदूरी न होने पर जोर दिया गया और अक्षय तृतीया के मौके पर बताया गया कि यदि कोई बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत सूचना दे और सभी को अपनी निगाहें चौकस रखनी होगी ताकि हमारे शहर में इस प्रकार की कोई घटना घटित ना हो। कोर्ट स्कूल प्रिंसिपल सुनीता जी के माध्यम से एमडीडी ऑफ इंडिया के सामाजिक कार्यकर्ता जिला सयोंजक डॉ.राजसिंह सांगवान, श्रीमती सुनीता विक्टिम सपोर्ट कॉर्डिनेटर रमन्ना और सरिता उरह और विकास दहिया ने उपस्थित लोगों से निवेदन किया कि वह सभी मिलकर बाल विवाह के खिलाफ कदम उठाए बाल विवाह तथा बाल मजदूरी नामक बुराई को खत्म करते ही हम एक स्वस्थ और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं

## मुरथल मंडी में शौचालयों पर ताले: देवेन्द्र गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/मुरथल:**

'रबी खरीद सीजन के दौरान अनाज मंडियों और खरीद केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लाख दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत उलट बनी हुई है। ताजा मामला मुरथल अनाज मंडी से सामने आया है। जहां शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं और मजदूर और किसान खुले में शौच करने पर मजबूर है। मंगलवार को मुरथल अनाज मंडी का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने अनाज मंडी में फैली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार और प्रशासन से



मांग की कि मंडियों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। आप नेता देवेन्द्र गौतम ने आरोप लगाया कि मुरथल अनाज मंडी में काम करने वाली लेबर को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेबर के ठहरने के लिए कोई शैड मौजूद नही है। जिसकी वजह से तिरपाल के टेंटों में लेबर रहती है। बरसात होने की स्थिति में लेबर को खाने-पीने के सामान को शौचालयों में रखने पर मजबूर होना पड़ता है। आप नेता ने पेजयल सुविधा को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मुरथल अनाज मंडी में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त नही है। पांच से दस कैंपर ही पानी के रखे हुए है। खाली होने के बाद पानी के लिए मजदूरों, किसानों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पानी की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। देवेन्द्र गौतम ने मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में गेट तो लगा दिया गया है, लेकिन मंडी की चार दीवारी अब तक नही हुई है। जिसकी वजह से मंडी में किसी भी हिस्से से प्रवेश किया जा सकता है और चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देकर वापस आसानी से निकला जा सकता है। देवेन्द्र गौतम ने दो दिन पहले राई विधायक के मुरथल मंडी के औचक निरिक्षण पर भी तंज कसा है।

## विधायक निखिल मदान ने नई अनाज मंडी का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक।।**
**विधायक निखिल मदान**

मंगलवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे जहां उन्होंने गेहूं की फसल खरीद संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी, हैफेड और भारतीय खाद्य निगम के सभी अधिकारी, स्थानीय व्यापारी,किसानऔर आढ़ती मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज हरियाणा अकेला ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। आज सोनीपत अनाज मंडी में गेहूँ को 2425 ? की एमएसपी और अन्य सभी फसलों को भी एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। 21 अप्रैल तक मंडी में 307511 क्विंटल गेहूं




आया है और 296311 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। इसमें से 181528 क्विंटल गेहूं उठान हुआ है जोकि तकरीबन 61 प्रतिशत है। मौके पर विधायक निखिल मदान ने अधिकारियों को फसलों के उठान की गति बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर फसलों के वजन करने और नमी इत्यादि मानक जांचने की सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज व्यापारियों और आढ़तियों द्वारा अनाज मंडी के विकास कार्यों से संबंधित कुछ मांगें रखी गई हैं। जिसमें उन्हें बताना चाहता हूं कि नई अनाज मंडी में 4 करोड़ 70 लाख ? की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को करवाया जाएगा, जिससे अनाज मंडी का पूरा कायाकल्प होगा। इन विकास कार्यों में मंडी के शेड की छत बदली जाएगी , क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल और रिटेनिंग वॉल का नव निर्माण किया जाएगा। अनाज मंडी के अंदर की सभी सड़कों का बीटूमिन (तारकोल) से नवीनीकरण किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने बताया कि उपरोक्त कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और उन्होंने मौके पर ही मार्केटिंग बोर्ड के उच्च अधिकारी को फोन करके टेंडर प्रक्रिया को आगामी दो दिन में पूरा करके काम शुरू करवाने के आदेश दिए हैं। विधायक निखिल मदान ने मंडी के व्यापारियों के मांगपत्र में अनाज मंडी का नया गेट बनवाने, धर्म कांटा लगवाने और महिला श्रमिकों के लिए नया शौचालय बनवाने के प्रस्ताव पर भी जल्द कार्य करवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मंडी चेयरमैन संजय वर्मा,मंडी प्रधान पवन गोयल,वेदपाल,आनंद वर्मा, पार्षद अतुल जैन, जिला व्यापार मंडल प्रधान संजय सिंगला,प्रवीण गोयल,श्रीपाल जैन,नरेश वर्मा,राजकुमार शर्मा,नीरज सोनी,मुकेश सिंगला,पवन बंसल,महेंद्र रोहिल्ला,महावीर प्रसाद,चरण सिंह जोगी,अनिल बजवान,कुलदीप वत्स मार्केट कमेटी अधिकारी, सचिव ज्योति, हैफेड से डी एम उमाकांत ,विंसल सहरावत,सुरजीत,ज्योति धनखड़, कार्यकारी अभियंता नवनीत,कनिष्ठ अभियंता आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध विज्ञापन को लेकर नगर निगम सख्त, 3 पर दर्ज होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सार्वजनिक** सम्पत्ति को कुरूप व स्मार्ट सिटी की सुंदरता खराब करते अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड को उतारने का नगर निगम का अभियान जारी है। इसे लेकर विज्ञापन शाखा के प्रवर्तन दल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अनाधिकृत रूप से प्रदर्शित किए गए विज्ञापन बोर्ड, फ्लैक्स, बैनर व पोस्टर को उतारा। मंगलवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। 3 पर दर्ज होगी एफ.आई.आर.- उन्होंने बताया कि शोरूम या दुकान के ऊपर अवैध रूप से स्ट्रक्चर खड़ा कर विज्ञापन प्रदर्शित करने तथा पेंटिंग पर पोस्टर चस्पा करने को लेकर 3 संस्थान मालिकों पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी। इनमें कुंजपुरा रोड स्थित मैनेजर ब्लैकबेरी शोरूम तथा मधुबन स्थित ब्ल्यू स्टार हेयर सेलून ने छत पर अवैध स्ट्रक्चर खड़े किए हुए थे, जबकि सिविल अस्पताल रोड पर एगलस डायग्नोस्टिक्स की ओर से महात्मा गांधी चौक पर मेडिकल कॉलेज की दीवार पर करवाई गई पेंटिंग पर नोटिस चस्पा कर उसकी सुंदरता को खराब किया था। 6 संस्थानों पर लगाया 60 हजार जुमार्ना- उन्होंने बताया कि अधिकृत साईट की बजाए अनाधिकृत रूप से विज्ञापन प्रदर्शित करने को लेकर 6 संस्थानों पर कार्रवाई की गई है। इनमें सेक्टर-7 स्थित आई.बी.टी., नेहरू पैलेस स्थित ओपीएस ज्वैल्स, राहुल हुंडई, गुरू नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी करनाल, मुगल कैनाल स्थित बाबा दीप सिंह जी कोचिंग सेंटर तथा नीलम यूनिवर्सिटी कैथल शामिल हैं। दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### परचून की दुकान का शटर तोड़कर 20 हजार रुपये व सामान चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव जाट जोशी स्थित दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाट जोशी निवासी मोहित ने बताया कि उसने गांव में परचून की दुकान कर रखी है। ह रोज की तरह वह 20 अप्रैल को दुकान पर पहुंचा। दुकान पर लगा शटर का ताला टूटा हुआ मिला। साथ ही शटर खुला हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की। जांच में बीस हजार रुपये की राशि व बीड़ी-सिगरेट गायब मिली। अपने स्तर पर सामान व नकदी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जय भगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कुंडली में उद्योगपति की कार से 8.90 लाख रुपये चोरी, गार्ड पर चोरी का आरोप

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में उद्योगपति की कार में रखी लाखों रुपये की राशि चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। उद्योगपति ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर गार्ड पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गुजरांवाला टाउन पार्ट-1 मॉडल टाउन दिल्ली निवासी लेखराज ने बताया कि उनकी एक फैक्ट्री बवाना दिल्ली में स्थित है। जिसे गुरुदेवा धर्मकांटा के पास कुंडली में स्थानांतरित किया जा रहा है। फैक्ट्री की सुरक्षा के लिए पंकज दास को बतौर गार्ड रखा हुआ है। कंपनी से 20 अप्रैल को गार्ड गाड़ी में रखी आठ लाख 90 हजार रुपये की राशि बवाना में लेबर सैलरी देने के लिए अपने घर से वैगनार में अपनी कुंडली स्थित फैक्टरी में लाया था। कंपनी का गार्ड पंकज गाड़ी से नकदी चोरी करके ले गया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राहुल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### टीडीआई किंग्सबरी में बुजुर्ग की झपट ले गए सोने की चेन

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में पुत्रवधू के साथ सब्जी खरीदने जा रहे बुजुर्ग के गले से सोने की चेन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। बुजुर्ग ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। टीडीआई किंग्सबरी निवासी नरेंद्र आहूजा ने बताया कि वह सोसायटी के सामने सब्जी की दुकान पर अपनी पुत्रवधू के साथ सब्जी खरीदने गया था। इसी दौरान एक युवक पीछे से उनके पास आया। जब तक वह कुछ समझ पाते युवक ने उनके गले से दो तोले सोने की चेन तोड़ ली। जिसके बाद युवक सड़क की दूसरी ओर खड़ी बाइक पर सवार होकर अपने साथी के साथ भाग गया। अपने स्तर पर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# नशा तस्करों को अब छोड़नी होगी हरियाणा प्रदेश की सरहदें: सुभाष

## नशामुक्त हरियाणा बनाने के लिए हर व्यक्ति को बिना डर के आगे आकर नशा बेचने वालों की शिकायत देनी होगी

**सख्ती**

**अब सरकार एक-एक जिले में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नजर रखे हुए है: सुधा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नशा तस्करों को अब हरियाणा प्रदेश की सरहदें छोड़नी होगी, क्योंकि अब सरकार एक-एक जिले में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नजर रखे हुए है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रत्येक जिले से नशा कारोबार से जुड़े लोगों की फीडबैक ले रहे है। यह प्रदेश जल्द ही ड्रग फ्री प्रदेश बनेगा। अहम पहलू यह है कि प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए हर व्यक्ति को बिना डर के आगे आना होगा और जो भी व्यक्ति नशा बेचने वालों में शामिल हैं, उनके खिलाफ पुलिस को शिकायत देनी चाहिए। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को गांव पिंडारसी में आयोजित साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा के कैथल रवाना के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी, एसडीएम अमन कुमार, डीएसओ मनोज कुमार ने साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को हरी झंडी देकर कैथल जिला के लिए रवाना किया। इससे पहले साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का कुरुक्षेत्र से पिंडारसी पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस साइक्लोथॉन में महिलाओं ने हरियाणवी संस्कृति और परम्परा के अनुसार हरियाणवी लोकगीत गाते हुए स्वागत किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ एएसपी, एसडीएम ने ड्रग्स मुक्त हरियाणा बनाने के लिए नमक जत्था लोटा में लिया हिस्सा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 अप्रैल को हिसार से झंडी दिखाकर शुरू किया था। जो प्रदेश के हर जिले में गांव और शहरों से होते हुए लोगों को ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दे रही है। यात्रा से आमजन को बहुत महत्वपूर्ण संदेश मिल रहा है। नशा प्रदेश के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। नशे की वजह से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।







# रवि सोनू कुंडली ने अंबेडकर जयंती के लिए दिया न्यौता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुंडली एडवोकेट ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बाबा साहब की जयंती पर समाज के सभी वर्गों को निमंत्रण दिया गया है। इसी कड़ी में उन्होंने अग्रवाल समाज के युवा नेता राकेश गोयल से मुलाकात की और उन्हें आगामी 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती समारोह के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक, व्यापारी व कर्मचारी वर्गों से अपील की कि 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह में पहुंचें। इस कार्यक्रम में केंद्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।? जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष रवि कुंडली जनसंपर्क अभियान चलाकर सामाजिक जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण दे रहे हैं।

**तैयारी पूरी**

**बाबा साहब की जयंती पर समाज के सभी वर्गों को निमंत्रण दिया गया है: प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुंडली**

# पेड़ एवं जल बचाना जरूरी: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपता : युवा** साइकिलस्ट गौरव ने आज विश्व अर्थ डे के अवसर पर अपने गॉव झरोठी के पार्क मे अपने युवा साथियो के साथ पौधरोपण करते हुए कहा की पृथ्वी के सतुलन के लिए पौधरोपण एवं जल संचय बहुत ही जरूरी है। युवा गौरव ने अपने साथिओं से अपील करते हुए कहा की सभी को अपने जीवन मे पौधरोपण एवं जल संचय करने से हमें अपने जीवन मे अद्भुत खुशी होती एवं हमें शुद्ध जल एवं हवा भी मिलती है। इस मोके पर उनके साथ वीर दीपाशु अंश वंश साथ मौजूद रहे।



# ब्रह्माकुमारीज द्वारा समाज सेवा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

**समाजसेवा**

**समाज सेवा पर आधारित विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय 16 कंच घर, अम्बाला शहर की ओर से समाज सेवा पर आधारित (समाज की समृद्धि में अध्यातम की भूमिका) विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि (नगर निगम मेयर) मैडम शैलजा सचदेवा जी एवं विशिष्ट अतिथि अनुज अग्रवाल जी (अल्टूईस्ट सिटी प्लाजा) उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे डॉक्टर ई.वी.स्वामीनाथन भाई जी ने सभा में पधारे ,सभी समाज सेवियों को उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्य की प्रशंसा की और उन्हें इसके लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने अपने सुंदर विचारों के द्वारा सभी को समझाया की आज हमारा समाज जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है तथा जिन हालातों का सामना कर रहा है उसका कारण सिर्फ आध्यात्मिकता की कमी है। उन्होंने बताया कि अध्यात्म इस मानव समाज की रीढ़ है जिस प्रकार एक मानव शरीर बिना रीढ़ के न झुक सकता है ना कोई कार्य कर सकता है, इसी प्रकार अगर हम भी समाज की समृद्धि में अध्यात्म को शामिल नहीं करते हैं तो एक सशक्त समाज का निर्माण नहीं कर सकते। अध्यात्म अंतर जगत की शुभ यात्रा है। कार्यक्रम के दौरान भ्राता जी ने सभी को 5 मिनट के मेडिटेशन में एक सुंदर अनुभूति कराते हुए कहा कि अध्यातम की यात्रा करने के लिए मन की शांति को बरकरार रखना होगा। अपने अंतर्मन में आत्म जागृति का एक दीपक जगाना होगा उसके लिए जरूरी है रोज आध्यात्मिक यात्रा करना अपने आप से मिलना, अपने आपसे पूछना की पूरा दिन हमने समाज के लिए बहुत कुछ किया, बहुत कुछ सोचा परंतु क्या "एक मुलाकात अपने आप से की "? तो ये अध्यातम हमें सिखाता है की हम अपने साथ दोस्ती कैसे कर सकते हैं।



# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**समालखा 22 अप्रैल (कुलदीप सिंह)**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का प्रांगण प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण के जीवंत रंगों से सराबोर हो उठा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष सभा एक ऐसा प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई जिसने न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित किया बल्कि विद्यार्थियों के हृदय में प्रकृति के प्रति गहरी ज़िम्मेदारी की भावना भी जगाई। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के ऊर्जावान विद्यार्थियों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से एक शक्तिशाली संदेश दिया। कक्षा छठी के छात्रगण के द्वारा मनमोहक नाट्य-नृत्य ने प्रकृति की सुंदरता और उसके संरक्षण की अनिवार्यता को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के ओजस्वी भाषणों ने सभागार में जोश और जागरूकता की लहर पैदा कर दीं। उन्होंने पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी और साथी विद्यार्थियों को इस महत्त्वपूर्ण कार्य में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रकृति के सौंदर्य और उसके प्रति कृतज्ञता को समर्पित एक मधुर गायन प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सभा का समापन एक ऐसे क्षण के साथ हुआ, जिसने सभी को एकजुट कर दिया।




**सराबोर**

**दिवस- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का प्रांगण प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण के जीवंत रंगों से सराबोर हो उठा**

# बाल भारती स्कूल में उल्लासपूर्वक मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर, विद्यासागर बाल भारती पब्लिक स्कूल ने एक प्रेरणादायी और जागरूकता से परिपूर्ण उत्सव का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम की शुरूआत ऊर्जा और जोश से भरपूर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और पर्यावरणीय चेतना के साथ प्रस्तुत किया। इसके बाद, करेज हाउस के विद्यार्थियों द्वारा एक गूढ़ और संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस सशक्त अभिनय और गहन कथा-वस्तु ने न केवल पर्यावरणीय संकट की गंभीरता को उजागर किया, बल्कि सामूहिक प्रयासों द्वारा स्थायी समाधान खोजने की प्रेरणा भी दी। पर्यावरण संरक्षण प्कुछ कविताओं की प्रस्तुति भी दी। करेज हाउस के विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण के लिए सुझाव दिए।




### कर्मचारी पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में कंपनी से दूसरी कंपनी में जा रहे कर्मचारी पर हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव थथियां थाना कथैया बिहार हाल में निजी कंपनी निवासी सुरेंद्र यादव ने बताया कि वह कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। गत 20 अप्रैल की रात को अपनी कंपनी से दूसरी कंपनी में जा रहा था। उसी दौरान उसका रास्ता रोककर दो लड़कों ने हमला कर दिया।

# हरे कृष्णा स्कूल में 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल समालखा में 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन ,कविता- वाचन, लघु नाटिका आदि कार्यक्रमों द्वारा उत्तम प्रदर्शन किया गया तथा अपने कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया कि हमें अपनी पृथ्वी के संरक्षण के लिए अपने कर्तव्यों को स्मरण करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी है ।जिससे कि हम एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। बच्चों ने अपने कार्यक्रम में संदेश दिया कि हमें अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाकर अपनी पृथ्वी को हरा- भरा रखना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा, प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर व अन्य सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि हम सब को पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सहयोग करना है और अपनी पृथ्वी को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त बनाना है। प्रधानाचार्या ने अनेक रोचक तथ्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुत आवश्यक जानकारी प्रदान की व अनेक ऐसे उपाय भी बताए जिनकी सहायता से हम अपनी पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें हर वर्ष पृथ्वी दिवस के दिन कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए अगर हम पेड़ - पौधों की देखभाल नहीं करेंगे और पेड़-पौधे नहीं लगाएंगे तो एक दिन पृथ्वी पर संकट के बादल गहरा जाएंगे। अंत में पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्या ने समस्त जीवों को निर्बाध स्वतंत्रता , शीतलता और सुखानुभूति देने वाली धरती मां को सहृदय नमन किया।



**प्रदूषण मुक्त**

**विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन ,कविता- वाचन, लघु नाटिका आदि कार्यक्रमों द्वारा उत्तम प्रदर्शन किया गया**

# पृथ्वी दिवस पर छात्रों को किया पृथ्वी संरक्षण के बारे में जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा अनेक विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों को पृथ्वी की महत्ता से परिचित करवाया गया और बताया गया कि अपनी पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखें । भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र का एक दल लायलपुर कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में गया इसमें शाखा सदस्य हरि प्रकाश जी ने बच्चों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी तथा शाखा सचिव बलजीत चावला ने स्कूल के विद्यार्थियों को पृथ्वी के महत्व एवं पृथ्वी के संरक्षण के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार छोटे बच्चे भी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं । इस अवसर पर विद्यालय के कुछ बच्चों द्वारा भी व्याख्यान प्रस्तुत किए गए एवं कविताएं सुनाई गई । इन बच्चों को भारत विकास परिषद द्वारा छोटे पौधों वाले गमले देकर परिष्कृत किया गया एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कांता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया । विद्यालय प्राचार्य ने आए हुए मेहमानों का हार्दिक धन्यवाद किया । दल के अन्य सदस्यों जयप्रकाश जी एवं प्रवीण सिंगला जी ने कार्यक्रम की व्यवस्था की । कार्यक्रम का मंच संचालन शाखा सचिव बलजीत चावला जी ने किया । इसी श्रृंखला में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल जी , प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल जी , रमेश गुलाटी जी ,दिनेश सिंघल जी एवं शारदा गुलाटी जी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। अतुल गोयल जी ने पृथ्वी दिवस के बारे में विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं इसे संरक्षित करने के उपाय बताएं। शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल जी के द्वारा विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों को परिष्कृत किया गया विद्यालय के प्राचार्य संजय शर्मा जी ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया तत्पश्चात शाखा सदस्यों की तरफ से प्राचार्य जी को भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र की तरफ से एक समृद्धि चिन्ह भेंट किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहौली में डॉक्टर अशोक चौधरी, प्रवीण घई,श्रीमती डिंपल एवं मनोज सेतिया जी ने कार्यक्रम में भाग लिया।



**जागरूक किया**

**बच्चों को पृथ्वी की महत्ता से परिचित करवाया गया और बताया गया कि अपनी पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखें**

# दि अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत आस सभा के लिए हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: रविवार** को दि अम्बेडकर एजुकेशल सोसायटी की बैठक डॉ अम्बेडकर भवन, ककरोई रोड़ सोनीपत में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान सत्यवान भाटिया ने की एवं संचालन सचिव जगमिन्द्र सिंह सरोहा ने किया। बैठक में प्रधान सत्यवान भाटिया ने बताया कि कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि सोसायटी की आम सभा की बैड़क दिनांक 25 मई 2025 को सुबह 9:30 बजे डॉ० बी आर अम्बेडकर भवन, ककरोई रोड, सोनीपत में आयोजित की जाएगी। बैठ?क में वर्ष 2024-25 का आय- व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा ताकि समय पर जिला रजिस्ट्रार सोनीपत में सोसायटी की वार्षिक रिपोर्ट जमा की जा सके। सोसायटी की सभी आजीवन सदस्यों से अपिल है कि 25 मई दिन शुक्रवार को निश्चित समय पर पहुंचे। बैठक में प्रधान व सचिव के अतिरिक्त सोसायटी के व्कोषाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह, मह-सचिव जवाहर सिहं, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार, रावेन्द्र कुमार भाटिया, कुलदीय राज वमुल्तान सिंह भौरिया मौजूद रहे।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) एस डी कॉलेज पानीपत के** लाइफ साइंस विभाग की पर्यावरण बचाओ समिति द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ एक विमर्श कार्यक्रम रखने के साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों सहित स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कॉलेज के विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय के 100 से ज्यादा



विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने सर्व प्रथम उपस्थित श्रोता समूह को सम्बोधित किया। विदित रहे कि विश्व पृथ्वी दिवस - 2025 का थीम हमारी शक्ति - हमारा ग्रह है । इस थीम का मतलब है कि धरती को बचाने की ताकत हमारे ही हाथों में है। इस थीम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना तक बढ़ाना है । हमारी वैश्विक बिजली खपत जल्द ही कम होने वाली नहीं है; वास्तव में, जैसे-जैसे आबादी और अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, वैसे-वैसे हमारी ऊर्जा खपत भी बढ़ेगी। पुराने जमाने के जीवाश्म ईंधन से मांग को पूरा करने की कोशिश न केवल अस्थाई है क्योंकि वे सीमित संसाधन हैं और अंततः समाप्त हो जाएँगे - बल्कि यह मानव और ग्रह के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद हानिकारक है। जीवाश्म ईंधन खतरनाक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के प्राथमिक स्रोत हैं, जो सीधे ग्लोबल वार्मिंग में योगदान करते हैं और व्यापक पर्यावरणीय गिरावट का कारण बनते हैं। वे श्वसन संबंधी समस्याओं से लेकर कैंसर तक, गंभीर मानव स्वास्थ्य समस्याओं से भी जुड़े हैं। इसके विपरीत, नवीकरणीय ऊर्जा एक गेम-चेंजर है जो सस्ती और अधिक टिकाऊ बिजली प्रदान कर सकती है, जलवायु परिवर्तन का कारण नहीं बनती है, और मानव स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा - इस धरती को बचाना हमारे अपने हाथों में ही है अगर हम सब मिलकर छोटी-छोटी आदतें बदल लें जैसे प्लास्टिक की जगह कपड़े के बैग इस्तेमाल करना, बिजली-पानी की बचत करना, ज्यादा पेड़ लगाना,तो धरती को

# रोटरी क्लब द्वारा संचालित निशुल्क सिलाई केंद्र का हुआ नवीनीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंड : रोटरी क्लब और** डी.एस.वी. प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का नवीनीकरण कार्य संपन्न हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सतीश गर्ग और समाजसेवी सतपाल बत्रा द्वारा की गई। नवीनीकरण के बाद अब यह केंद्र और भी बेहतर सुविधाओं के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार है। उद्घाटन समारोह में रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. एस.एस. आहुजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सिलाई केंद्र के नवीनीकरण में समाजसेवी संदीप



गर्ग ने विशेष सहयोग दिया है। उन्होंने यह योगदान अपने दादा स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ गर्ग की स्मृति में दिया है। इसके अतिरिक्त समाजसेवी एन.आर.आई. सुभाष छाबड़ा ने भी इस नेक कार्य में आर्थिक सहयोग देकर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। सिलाई केन्द्र की प्रशिक्षिका सीमा शर्मा ने कहा कि सिलाई केंद्र का उद्देश्य जरूरतमंद और बेरोजगार महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधान डा.एस.एस. आहुजा ने सिलाई सेंटर में सहयोग के लिए डी.ए.वी. स्कूल की प्रबंधन कमेटी के प्रधान ब्रिगेडियर राजीव गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य मनदीप शर्मा, प्रोजेक्ट चेयरमेन संदीप ऋषि गुप्ता, वीरेन्द्र ठकराल, प्रितपाल सिंह ढिल्लो, एडवोकेट आर.डी. गुप्ता, डा.आर.एस. घुम्मन, सी.पी. गुप्ता, मोहन गोयल, एस.एस.खुराना, पीयूष अग्रवाल, दीपक कक्कड़, राजेश जैन, विक्रम गुप्ता, सुरेश गोगिया, प्रवीन ठकराल मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शेयर ट्रेडिंग कर्मी से 7 लाख की लूट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। रामनगर फ्लाईओवर** पर एक कर्मचारी के साथ 7 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। कर्मचारी शेयर मार्किट के ऑफिस में काम करता है। उसके मालिक ने उसे पेमेंट दी थी और सुबह पेमेंट लाने के लिए बोला था। वह पेमेंट लेकर ऑफिस आ रहा था तो रास्ते में लूट हो गई। लुटेरे बाइक पर सवार होकर आए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर निवासी लवली ने बताया कि वह शेयर मार्किट का काम करते हैं और उनके पास सोमवार को 7 लाख रुपए की पेमेंट आई थी। चूंकि उसी दिन उनकी किसी रिश्तेदारी में शादी थी और वह पूरी तरह से बिजी थे, इसलिए उन्होंने अपने कर्मचारी सुरप्रीत को यह पैसे सौंप दिए। उन्होंने कहा कि मैंने सुरप्रीत से कहा कि ये पेमेंट आप आज ही ले जाओ और सुबह लेकर ऑफिस आ जाना। सुरप्रीत मेरे पास 8 साल से काम कर रहा है और उस पर मुझे पूरा भरोसा है। लवली ने बताया कि उनका कर्मचारी सुरप्रीत मंगलवार सुबह शांतिनगर स्थित अपने घर से सेक्टर-12 स्थित ऑफिस की ओर निकला था। लेकिन जैसे ही वह रामनगर फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उसकी बाइक को रुकवाया और उससे पैसों से भरा बैग छीन कर मौके से फरार हो गए। लूट की घटना के बाद पीड़ित मालिक लवली को केवल सूचना मिली कि सुरप्रीत से पैसे लूट लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक मेरी सुरप्रीत से कोई बात नहीं हुई है और न ही मुलाकात हो पाई है। लेकिन मुझे यकीन है कि वह झूठ नहीं बोल सकता। मामले की सूचना हमने तुरंत पुलिस को दी है। वारदात की जानकारी मिलते ही रामनगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। वहीं पीड़ित पक्ष की ओर से लूट की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस कर्मचारी से पूछताछ कर रही है।

### रात डेढ़ बजे हुई बूस्टिंग स्टेशन में चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर के जाटों** गेट स्थित बूस्टिंग स्टेशन पर दोबारा चोरी की वारदात सामने आई है। इस बार चोरों ने स्टेशन से करीब 15 मीटर कॉपर केबल चुराई है। इससे पहले भी अप्रैल महीने में यहां से लगभग 35 मीटर कॉपर केबल गायब हो चुकी है। दोनों घटनाओं में कुल 92 हजार रुपए की कॉपर केबल चोरी की जा चुकी है। नगर निगम के सहायक अभियंता ने इस संबंध में थाना शहर में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर निगम करनाल द्वारा दिए गए लेटर में बताया गया है कि जाटों गेट पर बने बूस्टिंग स्टेशन में दो मोटर 120 एचपी की, स्टार्टर और कॉपर केबल लगी हुई हैं। इसी स्टेशन से 20-21 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे चोर घुसे और 15 मीटर कॉपर केबल काटकर ले गए।

### लिफटिंग के लिए प्रशासनिक अधिकारी करें मण्डियों का दौरा: डीसी

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मण्डियों में लिफ्द्दटिंग के कार्यो में तेजी लाने के लिए वे व्यक्तिगत तौर से दौरा करें और इस कार्य को समय रहते पूरा करवाएं। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे फसल अवशेष ना जलाएं। यह एक कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा कि गेहूं की कटाई के बाद खेतों की फसल अवशेष जलाने की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सभी सम्बंधित अधिकारी फिल्ड में रहकर खेतों में किसानों को अवशेष ना जलाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यह एक दण्डनीय अपराध भी है।_ उन्होंने किसानों से अपील की कि किसान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से तकनीकी पद्धति को अपनाकर फसल प्रबंधन करें और आधुनिक यंत्रों का उपयोग करें। इससे ना केवल फसल की आगजनी की घटनाएं रूकेगी बल्कि मिट्द्टी की उर्वरक शक्ति भी बनी रहेगी।

# सनातन धर्म विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) सनातन धर्म वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड,पानीपत में पृथ्वी दिवस मनाया गया !इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की! समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल रहे! इस अवसर पर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया! जिसमें विद्यालय के तीसरी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण,कविताएं तथा नाटक के



रूप में धरती को बचाने के लिए अलग-अलग प्रस्तुतियां दी !विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने चार्ट पर पेंटिंग बनाकर धरती को बचाने का मैसेज दिया! विद्यालय की प्रिंसिपल ने असेंबली में विद्यार्थियों को बताया कि पृथ्वी हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी चीज प्रदान करती हैं! पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र जीवन के लिए आवश्यक है और उन्हें सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है। प्रिंसिपल ने ग्लोबल वार्मिंग के बारे में भी बच्चों से वातालांप की तथा बच्चों से ग्लोबल वार्मिंग के प्रति सहज होने की प्रार्थना भी की! उन्होंने बताया कि ग्लेशियर और बर्फ की चादर सिकुड़ रही है! नदी तथा झील की बर्फ पहले ही पिंगला रही है। पौधों और जानवरों की भौगोलिक सीमाएं भी बदल रही हैं । विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल जी ने सभी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया! उन्होंने बोला कि आजकल पृथ्वी पर बढ़ते हुए पॉल्यूशन को खत्म करने के लिए पेड़ लगाना ही सबसे बड़ा समाधान है । उन्होंने बताया कि धरती हमारी माता है !यह हम सबको हमारे जीवन में उपयोगी खाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्री प्रदान करती है।

# एयू महेंद्रगढ़ शाखा में मनाया स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़: एयू महेंद्रगढ़ शाखा** में स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बीएम जितेंद्र बंसल ने बताया कि इस बैंक की ए यू गुप को आज 30 वर्ष पूरे हो गए जबकि महेंद्रगढ़ की शाखा को चार वर्ष हुए है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा लगातार उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा दी जा रही है। आमजन उनके बैंक से जुड़कर बैंक की सेवाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर डा. सूरत सिंह मेजर, सुमित मित्तल, महेंद्र यादव, राजेश गुप्ता, मुकेश झूकवाला, मुकेश कनीनावाल, निर्माण डिफेंस अकादमी से प्रमोद कुमार, यादवेंद्र एमओ, अजय कुमार आरएम, उदय सिंह आरओ, संदीप सिंह, गौरव यादव, दीपक यादव बीओ सहित उपभोक्ता भी उपस्थित रहे।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं ज्यादा से ज्यादा लाभः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) हरियाणा प्रदेश में पशु** पालन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही हैं। डीसी डाक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने किसानों का आह्वान किया कि वे पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतू पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है।

# गीता विद्यालय जौरासी समालखा में पृथ्वी दिवस' मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** जौरासी रोड समालखा में मंगलवार को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' पर गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी दिवस के महत्व को उजागर करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता पैदा करना था। इसमें पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा धरती को बचाने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए जो कि बहुत ही सराहनीय थे । प्रधानाचार्या डॉक्टर



अभिलाषा कादियान ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण, जलवायु में निरंतर हो रहे परिवर्तन से बचाने के लिए छात्रों को जागरूक करने के लिए, इस प्रकार की गतिविधियां स्कूल में आयोजित की जाती हैं । इसी दौरान स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें पृथ्वी को साफ और हरा -भरा रखने के लिए अपना योगदान देना चाहिए।

# अधिकारी जन समस्याओं का करेंगे मौके पर समाधान

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉक्टर** वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव ब्राहमण माजरा में 25 अप्रैल को जाकर रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केद्रं व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध

# पृथ्वी दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**चंदन बाल विकास** पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा पहली के द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया जिसमें बच्चों ने भाषण, गीत, नृत्य, नाटक की भव्य प्रस्तुति दी । मंच संचालन यष्टि ने किया। तदुपरांत बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए पृथ्वी दिवस पर कक्षा चौथी से आठवीं इंटर हाउस 'हिंदी भाषण प्रतियोगिता' तथा इंटर हाउस 'डिस्प्ले बोर्ड सजाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने विचार सांझा किए।




बच्चों ने इस के माध्यम से बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य प्रकृति को प्रदूषण मुक्त करना है ।प्रतियोगिता बड़ी ही मनोरंजक, शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक रही फिर भी उच्चारण, उतार-चढ़ाव, विशेषकर समय- सीमा को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा - प्रथम स्थान रोज हाउस , द्वितीय स्थान सनफ्लावर हाउस व तृतीय स्थान डेजी हाउस ने प्राप्त किया। डॉ श्वेता ने बच्चों को अपनी जीत को कायम रखने व आगामी प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने के मूल मंत्र बताए। तदुपरांत बच्चों ने डिस्प्ले बोर्ड पर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता बहुत ही सराहनीय रही। निर्णायक मंडल की भूमिका सदनाध्यक्ष, चित्रकला शिक्षक अजय कुमार, एक्टिविटी इंचार्ज प्रवीण ने बखूबी निभाई ।रंगों का तालमेल , चित्र- व्यवस्था, साज - सज्जा आदि को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा- प्रथम स्थान डेजी हाउस, द्वितीय स्थान रोज हाउस व लोटस हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने हुए विजेताओं को बधाई दी व अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी-अपनी रुचि व सामर्थ्य अनुसार प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

# स्वयं सेवकों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**गीता** यूनिवर्सिटी में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस यूनिट द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के एनएसएस स्वयं सेवकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और धरती को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जीयू के पीवीसी डा गुलशन चौहान ने की। पीवीसी डॉ गुलशन चौहान ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधरोपण कर उसका संरक्षण करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए युवाओं को आगे आकर योगदान देना चाहिए। अपने आसपास खाली पड़े क्षेत्र में पौधरोपण कर दूसरों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए। पौधरोपण करने से ही हमारा काम खत्म नहीं हो जाता है। हमे पौधों के बड़ा होने तक उनका संरक्षण भी करना चाहिए। इस दौरान एनएसएस के स्वयं सेवकों ने जीयू परिसर में छाया दार व फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा दहिया व पीआरओ अजय बोहत ने किया। उन्होंने छात्रों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी समझने व नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने की प्रेरणा दी।

# जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः** जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताया और साथ ही साथ बच्चों ने पृथ्वी के मॉडल भी बनाए। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।राधेश्याम जांगडा ने कहा




कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। स्कूल की प्रिंसिपल अभिलाषा कादियन ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। सभी बच्चों ने स्कूल के प्रांगण में पौधे लगाकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया।

# पृथ्वी दिवस महर्षि कश्यप पॉलिटेक्निक में धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) गांव जाटल के महर्षि कश्यप** राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता गतिविधियों के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय भूभौतिकीय संघ (आईजीयू) द्वारा प्रायोजित और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओइएस) द्वारा वित्तीय सहायता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के छात्रों ने गांव जाटल में एक रैली निकाली, जिसमें उन्होंने ऊर्जा बचाओ - पृथ्वी बचाओ, नवीकरणीय ऊर्जा - अच्छी लाईफ जैसे नारों वाले पोस्टर और तख्तियां लेकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा के प्रति जागरूक किया। रैली के अतिरिक्त, संस्थान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि हरियाली और पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा और मातृ पृथ्वी विषयों पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उत्कृष्ट चित्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राजीव नरवाल, संस्थान के प्राचार्य, हरपाल सिंह, ग्राम जाटल के सरपंच, एवं संस्थान के अधिकारी जसबीर सिंह, पुनीत गर्ग, राजेश कंबोज, देवेंद्र सैनी, गुलशन आर्य एवं गगनदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर 3 के छात्रों ने पृथ्वी दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर 3 में पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण से हुई, जहां नन्हे छात्रों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्रों को पृथ्वी की रक्षा करने के सरल और प्रभावी उपायों जैसे–जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक के उपयोग में



कमी और स्वच्छता बनाए रखने– के बारे में जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो पृथ्वी को एक बेहतर स्थान बनाया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

# सावन पार्क में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के सावन पार्क इलाके के गुरू रविदास मंदिर में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी और इस्कॉन हैल्थ सॉल्यूशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन और नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी और समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस शिविर में जहां एक ओर लोगों की आंखों की जांच करके नि:शुल्क चश्में दिये गये, वहीं लोगों के दांतों की जांच, त्वचा की जांच, बल्ड प्रेशर, शुगर की जांच और डाईट प्लान सहित कई प्रकार की जांच की गई। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चिद्यार्थी ने बताया कि ऐसे शिविर के आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही मिल जाती है, इसलिए मैं सभी संस्थाओं से कहना चाहता हूं कि सभी इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक अपने क्षेत्रों में अवश्य ही लगाये। इस मौके पर प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस शिविर में लगभग 154 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और कई लोगों को नि:शुल्क चश्में भी दिये गये।

## किसानों का पंजीकरण प्रमाणपत्र अब तीन साल के लिए होगा वैध

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्र सरकार** ने तंबाकू उत्पादकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने मंगलवार को कहा कि तंबाकू किसानों का पंजीकरण प्रमाणपत्र यानी लाइसेंस अब एक साल के बजाय तीन साल के लिए वैध होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि भारत सरकार ने व्यापार करने में आसानी के लिए वर्जीनिया तम्बाकू उत्पादक के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र और खलिहान के संचालन के लिए लाइसेंस को 01 साल के बजाय तीन साल के लिए नवीनीकृत करने का निर्णय लिया है, ताकि वर्जीनिया तंबाकू उत्पादक के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र और खलिहान के संचालन के लिए लाइसेंस के अनिवार्य वार्षिक नवीनीकरण के बोझ को कम किया जा सके।
इसका मतलब है कि पंजीकरण/लाइसेंस हर साल नवीनीकरण की मौजूदा प्रथा के बजाय 3 साल की अवधि के लिए वैध होंगे। लाइसेंस अवधि को एक से तीन साल तक बढ़ाने से देश के लगभग 91,000 खलिहानों को कवर करने वाले 83,500 किसानों को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों में अपने पंजीकरण के नवीकरण में मदद मिलेगी।

## गुरु ब्रह्मानंद जी पॉलीटेक्निक कालेज नीलोखेड़ी की ग्रांट एल्यूमिनाई मीट 26 अप्रैल को

### तीन पीढ़ियों के पूर्व विद्यार्थियों का होगा मिलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नीलोखेड़ी। गुरु ब्रह्मानंद** पॉलीटेक्निक कालेज नीलोखेड़ी के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा 26 अप्रैल को ग्रांट एल्यूमिनाई मीट सुबह 10 बजे से गुरु ब्रह्मानंद जी पॉलीटेक्निक कालेज परिसर में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर इस संस्थान के पहले बैच से लेकर अब तक के पूर्व पास आउट होने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया हैं। यह जानकारी गुरु ब्रह्मानंद जी पॉलीटेक्निक संस्थान एल्यूमिनाई



एसोसिएशन के सदस्य वीके चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह दस बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक भगवान दास कबीर पंथी को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि इस कालेज के पहले बैच 1959 से लेकर 2024 तक के पास आउट विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान इस क्षेत्र का पहला बहुतकनीकी संस्थान हैं।
यहां से पास आउट होने वाले विद्यार्थी आज देश-विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों तथा केंद्र और राज्य सरकारों में प्रतिष्ठित पदों पर पदस्थ हैं। उन्होंने ने बताया कि एल्यूमिनाई मीट में पूर्व छात्रों का मिलन होगा। अब तक तीन पीढ़ियां इस कालेज से निकल चुकी हैं।

## पेगासस जासूसी मामले पर अगली सुनवाई 29 अप्रैल को

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने पेगासस जासूसी मामले पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील श्याम दीवान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट साझा नहीं की गई है। उन्होंने टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए आदेश जारी करने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने 29 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबबर 2021 में इस मामले पर विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया था। इस टीम की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस रविंद्रन कर रहे थे। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी दाखिल की थी। विशेषज्ञ कमेटी ने कहा था कि उसकी रिपोर्ट को प्रकाशित न किया जाए। कमेटी को 29 फोन दिए गए थे जिसमें पांच में मालवेयर का अंदेशा था। हालांकि यह तय नहीं हो पाया कि यह पेगासस ही है। कमेटी ने तीन हिस्सों में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इनमें से दो रिपोर्ट टेक्निकल कमेटी की है जबकि एक रिपोर्ट जस्टिस रविंद्रन की थी।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी 25 अप्रैल को भाजपा मुख्यालय तक करेंगी पैदल मार्च: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी और लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षकों की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुईं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रारंभिक भाषण के साथ शुरू किया।
जिसमें संगठन को जिला, ब्लाक, बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और भविष्य की कार्य योजनाओं को कैसे क्रियान्वित करके उन्हें प्रभावी बनाना है। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए 40 दिन के कार्यक्रम पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसके तहत संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत 25 अप्रैल को भाजपा मुख्यालय तक संविधान बचाओ रैली पैदल मार्च भी निकाला जाएगा।
बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सह-प्रभारी दानिश अबरार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ एवं संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, मनीष चतरथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व







विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, सचिव मनोज यादव और सुशांत मिश्रा मौजूद थे। बैठकों प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यगण सहित लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षक, जिला अध्यक्ष मौजूद रहें।
देवेन्द्र यादव ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन मजबूती के लिए लोकसभा और जिला आर्ब्जवरों को प्रथम चरण टास्क की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि लोकसभा आर्ब्जवर प्रत्येक विधानसभा के तहत आने वाले सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर जिला एवं ब्लाक के कार्य की समीक्षा करके क्षेत्र में पार्टी की राजनीतिक स्थिति का आंकलन करेंगे। इस दौरान वह महसूस करें कि जिला एवं ब्लाक में बदलाव की जरूरत है तो स्पष्टीकरण के साथ अपनी कार्यवाही की रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में जमा कराऐं। देवेन्द्र यादव द्वारा जिला आर्ब्जवर जिला में संगठन को बूथ स्तर तक की कमेटी बनाने एवं सुचारू रूप से पार्टी के कार्यक्रमों को लागू कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला व ब्लाक स्तर पर होने वाली गतिविधियों जैसे कि घर-घर प्रचार, धरना, प्रदर्शन या अन्य सामाजिक व क्षेत्रीय ज्वलंत मुद्दों पर भी बैठकों में चर्चा करके महीने भर की गतिविधियां का मासिक प्रोग्राम तैयार करेगें। प्रत्येक आर्ब्जवर अपने प्रभार वाले जिलों एवं सभी ब्लाकों में दो उपाध्यक्ष, एक कार्यालय सचिव तथा एक सोशल मीडिया साथी के नाम 27 अप्रैल, 2025 तक प्रदेश कार्यालय में अवश्य जमा करवाने होंगे। जिलों व ब्लाक में प्रत्येक महीने मासिक बैठक आयोजन करवाना अनिवार्य है तथा उसकी रिपोर्ट बैठकों के 3-5 दिन के अंतराल में प्रदेश कार्यालय में जमा करानी होगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज की बैठके में ऐसे नेता और कार्यकर्ता जो प्रदेश स्तर, जिला एवं ब्लाक के कार्यक्रमों में दूरी बनाते है और पार्टी के खिलाफ गतिविधि करते उनकी पहचान करके सख्त कार्यवाही करने का भी निर्णय लिया गया। तथा जो लोग किसी भी स्तर पर पार्टी के सच्चे सिपाही के रुप में काम करते है उनको आगे बढ़ाया जाएगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जिस तरह पीठ दिखाई है, इसमें आम आदमी पार्टी और भाजपा की सांठगांठ को कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के सामने लेकर जाऐंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक जनता से दिल्ली नगर निगम चुनाव में एक बार सत्ता देने की प्रार्थना करते थे और जनता ने उन्हें निगम में पूर्ण बहुमत दिया, फिर आज आम आदमी पार्टी किस सांठगांठ के तहत मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव से भाग रही है।

## बुराड़ी: विधायक नहीं है विकास करने को लेकर सीरियस: विनोद मुद्गल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हम सरकार व उसके नुमाइंदों** को इसलिए चुनकर सत्ता की सीट तक पहुंचाते है कि जब हम क्षेत्र के लोगों के साथ व क्षेत्र में कोई समस्या हो तो वह नेता तुरंत ही समस्या का हल करें व जनता का साथ दें। लेकिन सत्ता की हनक चढ़ने के बाद वह नेता सिर्फ अपनी ही सोचने लगता है जिसके चलते क्षेत्र के लोग विभिन्न समस्याओं से त्रस्त हो जाते है। कुछ ऐसा ही हाल है बुराड़ी विधानासभा का, जहां पर लोगों को अन्य सुविधाएं मिलना तो दूर की बात लोग मुलभूत सुविधाओं के



लिए भी तरस रहे है। उक्त सभी बाते बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व भाजपा नेता व अधिवक्ता विनोद मुद्गल ने बताई। इसके अलावा मुद्गल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काफी लंबे समय से मुलभूत सुविधाओं का अकाल पडा हुआ है, जिसकी ओर कभी न तो क्षेत्रीय विधायक ने ध्यान दिया है और न ही आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद ने इस ओर कभी ध्यान देने की जहमत भी उठाई हो। जिसके चलते लोगों को आए दिन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

**समस्याओं का लगा है अंबार:** उन्होंने बताया कि यहां पर सुविधाओं का टोटा पड़ा हुआ है। यहां पर न तो समय से पीने का पानी आता है और कभी-कभी तो गंदा व बदबूदार पानी की सप्लाई हो जाती है।

## दिल्ली सरकार समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध: रविन्द्र इन्द्राज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने दिल्ली सचिवालय में एससी/एसटी विभाग के प्रधान सचिव की उपस्थिति में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री को एक विशेष पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों के समग्र सुधार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। पॉवर पॉइंट प्रस्तुति में एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों की वर्तमान स्थिति,



आधारभूत सुविधाओं की कमी तथा उनके समग्र सुधार के लिए प्रस्तावित योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों के सुधारात्मक कार्य स्थानीय विधायकों, निवासियों अथवा उनकी प्रतिनिधि संस्थाओं के अनुरोध पर प्राथमिकता से किए जाएंगे। प्रस्तावित योजनाओं में सार्वजनिक उपयोग के सामुदायिक स्नानगृहों और शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, कच्ची गलियों में खड़ंजा बिछाने या उनकी मरम्मत, और पहुँच मार्गों की सीमेंट-कंक्रीट, फ़्लोरिंग शामिल है। साथ ही बस्तियों में सार्वजनिक पार्कों का विकास किया जाएगा। जिनमें बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। युवाओं और बच्चों के लिए खेल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई है जिससे उन्हें खेल और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं मिल सकें। बस्तियों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाएगी, ताकि एससी/एसटी/ओबीसी समुदाय की सुरक्षा को और पुख़्ता बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, ज्ञान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक पुस्तकालयों का निर्माण भी प्रस्तावित है।

## नरेला: विजयपथ फाउंडेशन ने नि:शुल्क खाटू धाम यात्रा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** की अग्रणी सामाजिक संस्था विजयपथ फाउंडेशन ने एक बार फिर सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रियता दिखाते हुए संस्था से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवारों के लिए अलीपुर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम दिल्ली धाम की नि:शुल्क यात्रा का आयोजन किया। इस आयोजन में श्याम बाबा के दर्शन, वीआईपी व्यवस्था और स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को सम्मान और श्याम बाबा की प्रतिमा भेंट की गई।
विजयपथ फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए महिलाओं और उनके परिवारों को खाटू श्याम दिल्ली धाम के दर्शन के








लिए नि:शुल्क बस सुविधा प्रदान की। यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था, क्योंकि खाटू श्याम दिल्ली धाम को राजस्थान के सीकर मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है और यह भक्तों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता विजय भगत गुप्ता ने सभी यात्रियों के लिए वीआईपी दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की।
इसके साथ ही, स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई, जिसने भक्तों के अनुभव को और यादगार बना दिया। यात्रा के दौरान विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. एस.पी. जून ने सभी महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, संस्था के अध्यक्ष विजय भगत (अंकु) ने सभी प्रतिभागियों को श्याम बाबा की सुंदर प्रतिमा भेंट की, जिसे भक्तों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ स्वीकार किया। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें पार्वती मॉडर्न स्कूल की डायरेक्टर पारुल तिवारी, संध्या सिंह, विनीता मिश्रा, सुशील कुमार, रवि रंजन, मुकुल राजपूत, और विनीत यादव शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन को और गरिमामय बनाया। विजयपथ फाउंडेशन लंबे समय से बाहरी दिल्ली में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय है। यह यात्रा संस्था के उन प्रयासों का हिस्सा है, जिनके माध्यम से यह समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर महिलाओं और उनके परिवारों को एकजुट करने और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने का कार्य करती है। इस आयोजन ने न केवल भक्तों को श्याम बाबा के दर्शन का अवसर प्रदान किया, बल्कि सामुदायिक एकता और सामाजिक सद्भाव को भी मजबूत किया। विजयपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय भगत (अंकु) ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से सशक्त करना है। भविष्य में भी हम ऐसे आयोजन करते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग श्याम बाबा के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्था सदस्य और परिवारजन मौजूद रहे।

# मुसलमानों के लिए लाया गया वक़्फ संशोधन बिल

## वक़्फ संशोधन बिल से गरीब मुस्लिमों की तरक्की का नया रास्ता खुलेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की क्षेत्रीय कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के 90% मुसलमानों की भलाई के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस बिल में बदलाव से लाखों गरीब मुस्लिमों की तरक्की का नया रास्ता खुलेगा। विपक्षी दलों द्वारा समाज को भ्रमित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दुष्प्रचार अब जनजागरण की ताकत के आगे टिक नहीं पाएंगे।



उन्होंने कहा कि वक़्फ संशोधन बिल न सिर्फ पारदर्शिता लाएगा, बल्कि वक़्फ बोर्ड की आड़ में सालों से चल रही माफियागिरी पर लगाम लगाएगा। वक़्फ संशोधन बिल से माफिया काँप रहे हैं, सपा-कांग्रेस में खलबली मची है, लेकिन सपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और राजद को डर सताने लगा है। जब मुसलमानों को सच पता चलेगा कि यह बिल उनके अधिकारों और हक की रक्षा के लिए है तो इन पार्टियों को मुस्लिम बूथों पर एजेंट तक नहीं मिलेंगे। जहाँ पहले ये लोग वोट बैंक की लहलहाती फसल काटते थे, अब वहाँ की इवीएम मशीनें कमल के फूल से लबालब भर जाएंगी! मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी के लिए विदेशी अपने हैं, और 'अपने देश के लोग बेगाने'। कड़वी सच्चाई यह है कि संविधान की किताब की आड़ लेकर वह लगातार अपने नेतृत्व की कमी को छिपाने का नाहक प्रयास कर रहे हैं। इस किताब को लेकर दर-दर भटकने के बावजूद उनको कोई फायदा नहीं मिलने वाला। अब देश-विदेश में उनको कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। उनकी छवि नितांत एक मसखरा नेता की बन चुकी है। कांग्रेस के कई नेता अंदरखाने यह सच महसूस करते हैं। लेकिन 50 से ज्यादा चुनाव पार्टी को हराने के बाद भी कांग्रेस के इस शाही परिवार के गांधी पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, एमएलसी अंगद सिंह,एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक ओपी श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य विनोद पटेल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा,अमित गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**जनजागरण**

**समाज को भ्रमित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दुष्प्रचार अब जनजागरण की ताकत के आगे टिक नहीं पाएंगे**

# 51 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को मिला नियुक्ति पत्र, मड़िहान विधायक ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः राजगढ़** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को एक गौरवपूर्ण आयोजन के तहत 51 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह और सहकारिता विभाग के चेयरमैन जगदीश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में बरगवां की ज्योति देवी, रामपुर बरहों की विनीता सिंह, वन इमलिया की वंदना सिंह, भवानीपुर की प्रीति, चकसरिया की जमीला देवी, भीटी की वंदना दुबे सहित कुल 51 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र और मिनी किट प्रदान की गई। इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें



भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ योग्य युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 7.30 लाख युवाओं को विभिन्न विभागों में नौकरी दी जा चुकी है। विधायक ने नियुक्त हुईं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। सहकारिता चेयरमैन जगदीश सिंह ने सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अब यह विभाग खाद, बीज और बैंकिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा टी जागो रे का एआई अभियान - हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा

**नोएडा।** टाटा टी जागो रे प्रस्तुत कर रहा है अपना नया अभियान और इस बार ब्रांड जलवायु परिवर्तन से चल रही लड़ाई में अपना योगदान दे रहा है। 'हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा' अभियान एआई -संचालित है, लोगों को अपनी रोजाना जिन्दगी में छोटे लेकिन सार्थक काम करने के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है, ताकि वे साथ मिलकर पर्यावरण पर अधिक सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। हमारे समय के सबसे बड़े संकट - जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए टाटा टी जागो रे प्रतिबद्ध है और यह अभियान उसकी पुष्टि करता है, साथ ही, सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं को जागृत करने के लिए कैटेलिस्ट बनने के ब्रांड के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष श्री पुनीत दास ने कहा, टाटा टी जागो रे ने हमेशा हमारे समय के प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर समाज की सामूहिक चेतना को बढ़ाने में विश्वास किया है। हमें टाटा टी जागो रे की इस नवीनतम पहल को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। इसमें हम दिखा रहे हैं कि कैसे छोटे, रोजाना कार्य एक सार्थक अंतर ला सकते हैं। इसे गूगल क्लाउड की एआई तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है।




पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले विकल्पों को चुनने के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए टाटा टी जागो रे प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने और उनके साथ गहरा संबंध बनाने के लिए हम एआई का लाभ उठा रहे हैं। इस पहल में हम उम्मीद कर रहे हैं कि, बेहतर कल के लिए सार्थक बदलाव को प्रेरित कर पाएंगे और लोगों की सामूहिक कार्रवाई की शक्ति को अनलॉक कर पाएंगे ।

इस अभियान में, टाटा टी जागोरे ने अपने माइक्रोसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जागोरे डॉट कॉम पर एक अभिनव एआई - संचालित व्हाट्सएप आधारित टूल लाया है। गूगल के जेमिनी के साथ इंजीनियर किया गया, यह टूल उपभोक्ताओं को 'ग्रीन एक्शन' यानी रोजाना कामों के सकारात्मक प्रभाव को देखने में सक्षम बनाता है जैसे कि चूल्हे पर खाना बनाते समय ढक्कन का उपयोग करना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, एयर कंडीशनर का तापमान बढ़ाना/प्रबंधित करना और नहाते समय शॉवर के बजाय बाल्टी का उपयोग करना आदि। जागो रे आंदोलन के प्रभाव को और बढ़ाने के लिए, उपभोक्ताओं द्वारा किए गए हर 10 हरित कामों के लिए, टाटा टी एक पेड़ लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जालौन में भीषण सड़क हादसा, दो की मौत

**जालौन**

**उत्तर** प्रदेश के जालौन जिले के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अटागांव निवासी अशोक कुमार दोहरे और उनके पड़ोसी मित्र गोपाल माधौगढ़ बाजार से लौट रहे थे, तभी कैलोर के पास उनकी बाइक की टक्कर बंगरा की ओर से आ रही बाइक से हो गई। दूसरी बाइक पर सवार सौरभ दोहरे और संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां संतोष कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। अशोक कुमार की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। सौरभ की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है, जबकि गोपाल का जिला चिकित्सालय उरई में इलाज जारी है। मृत्यु की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एमएनसी में एमजीयूजी के दो विद्यार्थी चयनित

**गोरखपुरः महायोगी** गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के दो विद्यार्थियों का चयन मल्टीनेशनल कंपनियों (एमएनसी) में हुआ है। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र राजेश्वर कुमार का चयन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी दिल्ली में 4.35 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर जबकि अमित मल्ल का चयन हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड रुड़की में क्वालिटी कण्ट्रोलर के पद पर 2.55 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है। संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दो छात्रों के एमएनसी में चयन होने पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

# महिला उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाओं के खिलाफ सर्वदलीय प्रतिरोध मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः वाराणसी** में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं के विरोध में मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जन्मस्थली (अस्सी) से शुरू होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय कार्यालय, गुरुधाम जवाहर नगर विस्तार तक पहुंचा।

मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। स्याही सूख नहीं पाती अखबारों की, नई खबर आ जाती बलात्कारों की बेटी बचाओ,




बेटी पढ़ाओ धोखा है, देश बचाओ मौका है, और कैसे रोके जाएं बलात्कार, सोचना होगा सत्ता कोह्व-जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। मार्च के समापन पर जब प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचा, तो पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस पर कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया और उन्होंने ज्ञापन की एक प्रति फाड़ दी, जबकि दूसरी प्रति कार्यालय की दीवार पर चस्पा कर विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस के वाराणसी महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि ज्ञापन की एक प्रति स्पीड पोस्ट के माध्यम से नई दिल्ली स्थित पीएमओ को भी भेज दी गई है। उन्होंने कहा, ह्पिछले एक दशक से उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति को लेकर एनसीआरबी के आंकड़े ही काफी हैं। विशेषकर वाराणसी में महिला उत्पीड़न की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय की एक छात्रा के साथ बलात्कार की घटना के बाद भी कई मामले सामने आए हैं, जिनमें हाल ही में एक गरीब छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने जनाक्रोश को और बढ़ा दिया है।

हमारी सर्वदलीय मांग है कि शोषण, बलात्कार की कोई घटना जिले में कहीं भी हो, उस पर पीड़िता और उसके परिजनों की तत्काल मदद की जाए,इसकी प्राथमिकी ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (मोबाइल ,व्हाटसप) से सूचना मिलने पर दर्ज हो।

**विरोध**

**इसकी प्राथमिकी ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (मोबाइल ,व्हाटसप) से सूचना मिलने पर दर्ज हो**

# स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर गौरवशाली आयोजन, बेटियों की प्रतिभा को सलाम

## स्वतंत्रता सेनानी दादा मर्यादा प्रसाद बिंद की जयंती समारोहपूर्वक मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः जिगना** क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव में मंगलवार को इतिहास ने एक बार फिर कर-वट ली जब स्वतंत्रता सेनानी दादा मयार्दा प्रसाद बिंद की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस आयोजन की गरिमा तब और बढ़ गई जब मुख्य अतिथि के रूप में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद बिंद शामिल हुए। उन्होंने बेटियों की उपलब्धियों को सराहा और कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और विश्वविद्यालयों के गोल्ड मेडल इसकी सबसे बड़ी मिसाल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन से हुई। एक निजी विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावविभोर कर दिया। आयोजकों ने राज्यपाल का पारंपरिक तरीके से फूल-मालाओं से स्वागत किया। राज्यपाल ने क्षेत्र की 12 वर्षीय धाविका काजल और 9 वर्षीय मैराथन धावक बादल बिंद को मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही समाज सेवा में सक्रिय दर्जनों महिलाओं को उपहार देकर उनका हौसला भी बढ़ाया।

**सम्मान**

**9 वर्षीय मैराथन धावक बादल बिंद को मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया**

## बुलंदशहर में बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी ससुर की हत्या

**बुलंदशहरः डिबाई** थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुर की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। डिबाई थाना क्षेत्र के चौधरी खेल मोहल्ले में रहने वाले राजवीर सिंह (62) की हत्या उनकी बहू और प्रेमी ने मिलकर की है। आरोपित की घर से आने और जाने की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के छोटे बेटे मुरारी लाल ने पुलिस को बताया कि पिता राजवीर किसी काम के सिलसिले से बाहर गये थे।

# आईपीएल न खेल पाने का मलाल : क्रिकेटर मोहसिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः चोट** की वजह से आईपीएल के मौजूदा संस्करण से बाहर हुए संभल के तेज गेंदबाज मोहसिन खान मुम्बई में सर्जरी कराकर घर लौट आए हैं। मोहसिन ने मंगलवार को मीडिया कर्मियों से कहा कि आईपीएल न खेल पाने का मलाल तो है, लेकिन वह सिर्फ मैदान से दूर हैं। उनका दिल अब भी टीम के साथ जुड़ा हुआ है। टीम उनके लिए परिवार की तरह है। टीम ने मुश्किल दौर में भी उनका साथ दिया है। वह रिकवर होकर उसी जोश के साथ मैदान में लौटेंगे।




आईपीएल-2025 में चोटिल हुए तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने बीते 09 अप्रैल को मुंबई में सर्जरी कराई। अब वह अपने गृह जनपद संभल लौट चुके हैं। डॉक्टरों ने उन्हें पांच महीने तक मैदान से दूर रहने और आराम करने की सलाह दी है। मोहसिन खान को आईपीएल-2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलना था। फ्रेंचाइजी ने उन्हें चार करोड़ रुपये में रिटेन किया था। इससे पहले आईपीएल-2022 की नीलामी में मोहसिन को फ्रेंचाइजी ने 20 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। मोहसिन ने 2022 से 2024 तक कुल 23 मैच खेले और इसमें से कई मैचों में उन्होंने मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। इन 23 मैचों में उन्होंने कुल 27 विकेट अपने नाम किए। मोहसिन खान के इस शानदार प्रदर्शन पर फ्रेंचाइजी ने इस वर्ष मेगा नीलामी में उन्हें चार करोड़ रुपये में रिटेन किया था। इस बार टीम में उन्हें प्रमुखता से मौका देने वाली थी, लेकिन घुटने में चोट के चलते वह आईपीएल के शुरू होने से पहले ही पूरे संस्करण से बाहर हो गए।

फ्रेंचाइजी ने आईपीएल से पहले ही मोहसिन की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल कर लिया था। इसके बाद वह मुंबई पहुंचे, जहां नौ अप्रैल को कोकिलाबेन धीरूबाई अंबानी अस्पताल में उनके घुटने की सफल सर्जरी हुई। सर्जरी कराने के बाद वह अपने गृह जनपद लौटे।

# अब दिल्ली में भी सिखाएंगे संस्कृत संभाषण

## जनमानस में होगा संस्कृत का प्रचार, युवाओं से लेकर बुजुर्ग भी सीखेंगे देववाणी संस्कृत - 23 अप्रैल से 4 मई तक केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली में होगी संभाषण दक्षता कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः योगी** सरकार ने उत्तर प्रदेश में देववाणी संस्कृत को नई पहचान दी है। यूपी में योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की तरफ से 2017 से संस्कृत संभाषण योजना चलाई जा रही है। कोरोना के पश्चात इस योजना को ऑनलाइन चलाया जा रहा है। इसके जरिए यूपी समेत देश के अनेक राज्यों के अब तक करीब एक लाख से अधिक लोगों को संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। अब इसी क्रम में यूपी के प्रशिक्षक दिल्ली में भी संस्कृत संभाषण सिखाएंगे। संभाषण दक्षता कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 23 अप्रैल से 4 मई तक किया जा रहा है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने कार्यशाला के लिए यूपी के शिक्षकों को किया आमंत्रित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर मधुकेश्वर भट्ट ने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष को पत्र लिखकर 23 अप्रैल से होने वाले संभाषण दक्षता कार्यशाला में यूपी के संभाषण शिक्षकों को आमंत्रित किया है। इस कार्यशाला में यूपी के 25 से अधिक संभाषण शिक्षक लोगों को संस्कृत बोलना सिखाएंगे। उत्तर प्रदेश के 25 शिक्षक दिल्ली में सिखाएंगे संभाषण संभाषण दक्षता कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के 25 से अधिक शिक्षक संभाषण सिखाएंगे। इनमें लखनऊ के धीरज मैठाणी, राधा शर्मा (मथुरा), दिव्यरंजन (गाजियाबाद), गणेश दत्त (फतेहपुर), आस्था शुक्ला (कानपुर), विनोद त्रिपाठी मिश्र (लखीमपुर खीरी), रणविजय प्रताप (मेरठ), वैष्णवी (बदायूं), दीपिका चौधरी (झांसी), रुद्र नारायण (प्रतापगढ़) आदि दिल्ली में संभाषण सिखाएंगे।

**योजना**

**23 अप्रैल से होने वाले संभाषण दक्षता कार्यशाला में यूपी के संभाषण शिक्षकों को आमंत्रित किया**

# एलडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र के विरूद्ध डीओपीटी की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः लखनऊ** विकास प्राधिकरण (एलडीए) के पूर्व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह यादव का नाम मंगलवार को एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के अधिकारियों की टीम अब सत्येन्द्र सिंह यादव के एलडीए उपाध्यक्ष रहते हुए तैयार हुए जवाहरलाल नेहरू नगर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (जेपीएनआईसी) मामले में हुई गडबडी की जांच करेगी। उत्तर प्रदेश के जाने माने आईएएस सत्येन्द्र सिंह यादव के एलडीए उपाध्यक्ष रहते हुए कई प्रकरणों में नाम आया है। जिसमें जेपीएनआईसी मामले ने तूल पकड़ लिया था। जिसका कारण समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम इस प्रकरण से जुड़ा हुआ है। जेपीएनआईसी में अनियमितता से जुड़े सभी कार्य को अखिलेश के मुख्यमंत्री रहते हुए किया गया है। सत्येन्द्र सिंह यादव के तमाम संबंध केन्द्र और राज्य की सरकारों में बैठे अधिकारियों व नेताओं से भी बताये जाते रहे हैं। यही कारण है कि सत्येन्द्र सिंह के विरूद्ध पहले से चल रही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार अब मामले में डीओपीटी की जांच होनी तय है, इसको लेकर पत्राचार हो चुका है।

**जांच बैठी**

**एलडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह यादव का नाम मंगलवार को एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया**

# झांसी : मृदुल चौधरी होंगे नवागंतुक जिलाधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः उत्तर** प्रदेश सरकार ने देर रात 33 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए। इनमें से बुन्देलखंड के झांसी व महोबा समेत प्रदेश के 11 जिलों के जिलाधिकारी बदले हैं। 2014 बैच के आईएएस मृदुल चौधरी झांसी के नए डीएम होंगे। वहीं, झांसी जिलाधिकारी अविनाश कुमार को गाजीपुर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे करीब 18 महीने झांसी डीएम रहे। आईएएस मृदुल चौधरी अब तक महोबा जिलाधिकारी के पद पर आसीन थे। 39 साल के मृदुल चौधरी नई दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने एमबीए की पढ़ाई की है। 2014 में वह आईएएस बन गए। पहली पोस्टिंग मुजफ्फरनगर में सहायक कलक्टर की रही। इसके बाद वह महोबा में संयुक्त मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे। यहां से परियोजना प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश विकास प्राधिकारी बनाए गए। उन्हें 2 सितम्बर 2023 को पहली बार महोबा जिलाधिकारी बनाया गया। वहां से अब झांसी जिलाधिकारी बनाया गया है। स्मार्ट सिटी के जिलाधिकारी के रूप में यह उनका पहला कार्यालय होगा।

# पृथ्वी दिवस पर की गई अयोध्या के कुंडों की विशेष सफाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः पृथ्वी** दिवस के मौके पर राम नगरी के कुंडों की विशेष सफाई की गई। हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर दिन भर चले अभियान की कमान महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ संभाली। नगर निगम के अन्य अधिकारी अलग-अलग कुंडों पर सफाई कार्य की निगरानी में तल्लीन रहे। पृथ्वी दिवस के मददेनजर पहले से अयोध्या धाम के कुंडों की सफाई की विशेष योजना बनाई गई थी। इसके तहत



समस्त कुंडों पर सफाई अभियान चलाया गया। महापौर एवं नगर आयुक्त ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से अयोध्या धाम में दंत धावन कुंड पर झाड़ू थाम कर स्वयं सफाई की और सफाई अभियान में संलग्न सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

**फास्ट न्यूज**

### पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमला कायराना: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमला को मानवता के विरुद्ध एक अमानवीय और बर्बर कृत्य और कायराना बताया है। मुख्यमंत्री ने हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए आतंकवाद संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोशिश कभी भी कामयाब नहीं होगी। इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब इन आतंकियों को अवश्य मिलेगा।

### राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा की

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, खासकर पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले से मैं बहुत दुखी हूं। हिंसा के ऐसे कृत्य निंदनीय हैं और इनकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

### आदिवासियों की जमीन और अधिकार को सुरक्षा देगा: पवन

**रायपुर।** एकात्म परिसर रायपुर में भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति द्वारा आज वक्फ संशोधन विधेयक पर कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय की मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

# मेहनत से हासिल किया जा सकता है लक्ष्य: सुक्खू

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पढने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है: सीएम

**मार्गदर्शन**

**11 विधायक छात्र जीवन में एनएसयूआई की राजनीति से निकले हैं: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में गत सांय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा आयोजित 'व्यवस्था परिवर्तन एक संकल्प-आगाज नए युग का' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवाओं को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पढने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और वे जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आज मैं मुख्यमंत्री के रूप में लोगों की सेवा कर रहा हूं और 11 विधायक छात्र जीवन में एनएसयूआई की राजनीति से निकले हैं। आज कुछ लोग टिप्पणी करते हैं कि हिमाचल प्रदेश में 'मित्रों की सरकारइ है। तीस वर्ष से यह मित्र ही चुनाव जीतकर विधायक बन रहे हैं। लंबे संघर्ष के बाद वह विधायक बने क्योंकि मतदाताओं ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा और आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की यादों को सांझा करते हुए कहा कि 40 वर्ष पहले मैंने इसी विश्वविद्यालय में प्रवेश पाया था। आज जब मैं सभागार में आता हूं तो अपनेपन का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार से कोई भी राजनीति में नहीं रहा और हम चार भाई-बहन हैं। मेरी माँ को हमेशा मेरी चिंता रहती थी। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलता साथ-साथ चलती है, लेकिन चुनौतियों से विचलित नहीं होना ााहिए और कड़ी मेहनत से सफलता निश्चित प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और वह भी इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। यहां से निकले छात्रों ने पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

**अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया**

**मुख्यमंत्री** ने कहा, मेरा मानना है कि क्षेत्रीय विश्वविद्यालय सही नहीं है क्योंकि इससे छात्रों का व्यक्तित्व विकास सही ढंग से नहीं हो पाता है। जहां उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर प्राप्त होता है। राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य में कई बदलाव आए हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम प्रदेश के लोगों के जीवन पर पड़ रहा है।

**भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया: सीएम**

**सीएम** ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है, जिसे वंचित वर्ग के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है, क्योंकि जो वर्ग अपनी आवाज नहीं उठा सकते उनका भी प्रदेश की संपदा में हिस्सा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित ने भी कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, हरीश जनारथा, विवेक शर्मा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, समन्वयक अतुल कड़ोहता, महाधिवक्ता अनूप रतन, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष छत्तर सिंह, एनएसयूआई के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में भागीदारी करें आयुष विभाग: डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आयुष विभाग भी इस क्षेत्र में भागीदारी करें। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष विभाग द्वारा 543 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 36 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, 14 यूनानी चिकित्सा अधिकारी, 65 आयुर्वेद व्याख्याता एवं 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ एवं संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्टिंग भी कर देने की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना की।

**खजुराहो में योग संस्थान की स्थापना की तैयारी**

*प्रमुख सचिव आयुष ने बताया कि छतरपुर जिले के खजुराहो में योग संस्थान की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का यह प्रस्ताव केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद में विचारार्थ है। कलेक्टर छतरपुर द्वारा योग संस्थान के लिए खजुराहो के समीप ग्राम खरोहीं में 25 एकड़ भूमि आयुष विभाग को आवंटित कर दी गई है। इस भूमि का केन्द्र सरकार के दल द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है। जल्द ही इस पर अगली कार्यवाही होनी है। इसके साथ ही खजुराहो में ही इंटर यूनिवर्सिटी सेन्टर फॉर योगिक साइंस की स्थापना का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। स्थापना के लिए मध्यप्रदेश राज्य के चयन के लिए केन्द्र सरकार में प्रस्ताव विचाराधीन है।*

# 'दुनिया को चाहिए भारतीयता पर आधारित मॉडल'

**भारतीयता**

**दुनिया दो विकल्पों की दुनिया से थक चुकी है और तीसरे मध्यम मार्ग की तलाश में भारत की ओर देख रही**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि यह दुनिया दो विकल्पों की दुनिया से थक और लड़खड़ा चुकी है और तीसरे मध्यम मार्ग की तलाश में भारत की ओर देख रही है। ऐसे में हमें दुनिया को भारतीयता पर आधारित मॉडल देने होंगे। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से दूर होने के लिए मन और विचार से भी भारतीयता को अपनाना होगा। डॉ. भागवत ने आज दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रकल्प अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सीईआईएल) के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय यशवंत का उद्घाटन किया। इसके बाद डॉ. भागवत ने बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्र और दिल्ली सरकार के मंत्रियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने नए कार्यालय के उद्घाटन की शुभकामना देते हुए संघ प्रेरित छात्र संगठन को अपने ध्येय वाक्य ज्ञान, शील और एकता का ध्यान कराया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के 58 लाख कार्यकर्ता हैं। इसके बाद भी विद्यार्थी संगठन को विस्तार की दृष्टि से अभी काफी कुछ करना है। वहीं भावनात्मक एकता के अभाव को देखते हुए परिषद के लिए काफी काम बाकी है। ज्ञान एकता के भाव से पैदा

### झमाझम बारिश के बाद भी 312 बांध खाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले साल औसत से ज्यादा बारिश हुई। इससे सूखे कुएं से लेकर कई सालों से सूखे पड़े नदी-नालों में पानी आ गया था। झमाझम बारिश के बाद भी प्रदेश में पिछले साल छोटे बड़े 312 बांध पूरी तरह सूख चुके हैं। अभी तक केवल छह बांध ही पूरे भरे हैं। पेयजल आपूर्ति एवं सिंचाई के लिए बांधों से पानी लेने से इनका जल भराव कम हुआ है। सक्रिय होने वाले दक्षिण पश्चिमी मानसून पर फिर से उम्मीदें टिक गई हैं। इस बार मौसम विभाग ने भी राज्य में मानसून की धमाकेदार एंट्री होने और फिर बंपर बारिश का अनुमान जताया है।

# भारत में एक अनूठी जीवंतता, यहां अनंत संभावनाओं का है अहसास: जेडी

**विचार**

**भारत-अमेरिका संबंधों, संभावित व्यापार समझौते और भारत की जीवंत संस्कृति पर अपने विचार साझा किए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। संयुक्त** राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इन दिनों भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को जयपुर में आयोजित एक बिजनेस समिट में उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों, संभावित व्यापार समझौते और भारत की जीवंत संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मैंने कई देशों की यात्रा की है, जहां अक्सर एक नीरसता महसूस होती है। लोग एक जैसे बनने की कोशिश करते हैं। बाकी दुनिया की नकल करते हैं, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। यहां एक अनूठी जीवंतता है। अनंत संभावनाओं का अहसास है। नए घर और इमारतें बन रही हैं। जीवन समृद्ध हो रहा है। भारतीय होने का गर्व और भविष्य के प्रति उत्साह यहां हर कदम पर झलकता है। उन्होंने कहा कि भारत में मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी हैं। यह ऐसी यात्रा है जो उनके लिए विशेष महत्व रखती है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने रचा इतिहास

**बधाई**

**यूपीएससी में 13 होनहारों ने लहराया परचम, योगी ने सभी सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई**




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल 'मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना' ने एक बार फिर अपने प्रभावशाली परिणामों से सबका ध्यान खींचा है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल रिजल्ट में इस योजना से पढ़ाई करने वाले 13 मेधावी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उत्तर प्रदेश के गरीब और वंचित वर्ग के छात्रों के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। यह योजना छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और कोचिंग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस दूरदर्शी पहल से राज्य के हजारों छात्र-छात्राओं के सपने साकार हो रहे हैं और वे अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं। छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग के सेंटर्स में पढ़ाई की और अब यूपीएससी के सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 13 होनहारों की कामयाबी सीएम योगी के उद्देश्य की सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है।

### प्रदेश में दिन का पारा चढ़ा और रात का गिरा

**जयपुर:** प्रदेश के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। आगामी एक सप्ताह में प्रदेश के कई शहरों का पारा 45 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में आगामी दिनों में हीटवेव चलने को लेकर भी मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। 42.3 डिग्री के साथ कोटा का दिन और 26 डिग्री के साथ जयपुर की रात प्रदेश में सबसे गर्म रही। मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों के दिन के तापमान में बढ़ोतरी तो वहीं सोमवार रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

**दस्तावेज** — जयपुर के ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर पर छापे के दौरान ईडी को कई दस्तावेज मिले हैं

# महादेव बैटिंग ऐप पर ईडी का एक्शन: 3.29 करोड़ सीज




**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टे से जुड़े महादेव बैटिंग ऐप ऑपरेट करने वालों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसमें जयपुर के ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर पर छापे के दौरान ईडी को कई दस्तावेज मिले हैं, जिनमें संपत्तियों के लिंक हैं। ईडी का दावा है कि ब्लैक मनी दूसरे देशों की कम्पनी में लगाकर फिर वो ही राशि खुद से जुड़ी कंपनी में निवेश का खेल चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को ईडी ने महादेव बैटिंग ऐप से जुड़े जयपुर, रायपुर, अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई समेत देश भर में 60 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने 3.29 करोड़ रुपये नगद रिकवर किए। इन्हें ईडी ने सीज कर दिया है। वहीं 573 करोड़ रुपये की सिक्योरिटी, डीमेट अकाउंट में रखा पैसा भी सीजर कर दिया गया हैं। इस दौरान ईडी को जयपुर के एपल अपार्टमेंट में 503 नंबर के फ्लैट से फर्जी फर्म और कंपनी में निवेश के दस्तावेज मिले थे। इन्हें भी ईडी ने आगे की कार्रवाई के लिए सीज कर दिया है। इस छापेमारी को लेकर ईडी ने बताया कि सभी पॉइंट से जांच के दौरान ईडी के अधिकारियों को 3.29 करोड़ रुपये की राशि नगद मिली। इसे सीज कर दिया गया है। वहीं, 573 करोड़ रुपये की सिक्योरिटी, डीमेट अकाउंट की जानकारी मिली है। इसे भी सीज कर दिया गया है। जानकारी में सामने आया है कि भले ही कार्रवाई का मुख्य केंद्र छत्तीसगढ़ रहा, लेकिन जयपुर के कई बड़े व्यापारी इस ऐप के साथ कई समय से जुड़ कर काम कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान जो दस्तावेज ईडी को मिले हैं। उन पर काम किया जा रहा हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें



H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925